# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

करवा चौथ की मंगलकामनाएं

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 20 अक्टूबर 2024







मुस्कुराहट एक ऐसी शारीरिक गतिविधि है, जो ना केवल हमारे शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, इससे हमारे जीवन में खुशी फैलती है। हम टेंशनफ्री होते हैं और हमारे सोशल सर्कल में हमारी इमेज भी पॉजिटिव बनती है। मजे की बात है, यह खूबी हम सभी के पास होती है तो फिर झिझक कैसी? आइए हम भी मुस्कुराएं, आप भी मुस्कुराइए।

# स्माइल प्लीज...

## लाइफ बनेगी हेल्दी-हैप्पी

कवर स्टोरी / लोकमित्र गौतम

एक मुस्कुराहट आपके लाखों बिगड़े काम बना सकती है। एक मुस्कुराहट आपके भीतर अनगिनत सपने जगा सकती है। गुस्से से जल भुन रहे किसी व्यक्ति को एक हल्की सी मुस्कुराहट पानी-पानी कर सकती है। यह सिर्फ भावुक कवियों या दार्शनिकों के उदार आख्यान नहीं हैं। विज्ञान भी इन बातों के साथ अपनी सहमति जता चुका है कि मुस्कुराहट इंसान की बहुत बड़ी ताकत है। सिर्फ ताकत ही नहीं है, मुस्कुराने के अनगिनत फायदे भी हैं, चाहे हम उन फायदों को जानें या ना जानें।

**तनाव-गुस्सा हो जाए गायब:** आप बहुत तनाव या गुस्से में हों और किसी वजह से आप में हल्की सी मुस्कुराहट तैर जाए, तो समझिए कि आपका 50 फीसदी तनाव तो मुस्कुराहट के तैरने के साथ ही गायब हो जाएगा। दरअसल, एक छोटी से छोटी मुस्कुराहट भी हमारे न्यूरोपेप्टाइड्स के स्राव सक्रिय कर देती है और इससे तुरंत डोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर का तंत्र भी झनझना जाता है, जिस कारण ना सिर्फ तुरंत हमारा मूड बेहतर होता है बल्कि हम कहीं ज्यादा चैतन्य और सक्रिय हो जाते हैं, जिससे हमारा व्यवहार ज्यादा सकारात्मक और आत्मीय हो जाता है। मुस्कुराहट सिर्फ हमारा तनाव ही कम नहीं करती बल्कि हमारे शरीर का रक्तसंचार भी बेहतर करती है।



क्योंकि इससे हमारे शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है। अगर हमारी मुस्कुराहट स्वाभाविक या प्राकृतिक नहीं है बल्कि कोशिशन है, तो इसके भी हमें फायदे मिलते हैं। विज्ञान साबित कर चुका है कि मुस्कराने से हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है। इससे हमारे काम करने का ढंग प्रभावी हो जाता है। मुस्कुराहट हमारे शरीर में किसी भी किस्म के दर्द को कम या खत्म करती है, क्योंकि मुस्कुराने से हमारा शरीर एंडोर्फिन जैसे प्राकृतिक दर्द निवारक रिलीज करता है। हम यह भी ना भूलें कि मनोवैज्ञानिक ही नहीं ब्यूटी एक्सपर्ट भी इस बात को तथ्यात्मक रूप से मान चुके हैं कि मुस्कुराने से हम खूबसूरत दिखते हैं। मुस्कुराने से कुरूप से कुरूप व्यक्ति भी खूबसूरत नजर आता है।

**मूड बन जाए बेहतर:** समझने वाले को इशारा काफी है कि अगर स्वस्थ रहना चाहते हैं, जीवन में सकारात्मक रहना चाहते हैं तो जितना हो सके मुस्कुराहट का दामन थामे रहें। क्योंकि मुस्कुराहट हमारे मूड और स्वास्थ्य को हमेशा बेहतर बनाती है। यह किसी एक मनोवैज्ञानिक या शरीर वैज्ञानिक का दावा नहीं है बल्कि लाखों वैज्ञानिकों की लंबे समय तक की गई समीक्षाओं का निष्कर्ष है। सच पूछा जाए तो मुस्कुराहट किसी शख्स की सबसे बड़ी ताकत होती है।



**दूसरों को मिलती है खुशी:** मुस्कुराहट सिर्फ खुद को ही अनगिनत फायदे नहीं देती बल्कि यह दूसरों को भी मालामाल करती है। मुस्कुराने से सिर्फ आपका ही दिन नहीं बनता बल्कि यह दूसरों का भी दिन बना सकती है। निश्चित रूप से मुस्कुराहट एक ऐसी अनैच्छिक प्रतिक्रिया है, जो हमें खुशी देती है। अगर हम जान-बूझकर या कहें किसी नाटक के तहत भी मुस्कुराते हैं, तो उस मुस्कुराहट के भी नकारात्मक नतीजे नहीं निकलते बल्कि उससे भी फायदा ही होता है। मुस्कुराहट एक ऐसा संक्रामक प्रभाव है कि अगर हमारे इर्द-गिर्द कोई मुस्कुराता है, तो उसका भी हम सबको फायदा मिलता है यानी मुस्कुराने वाला और जिसके लिए मुस्कुराया जाए, सिर्फ उसे ही नहीं, अगर हम मुस्कुराने वालों के इर्द-गिर्द भी मौजूद हों, तो हमें भी उस मौजूदगी का लाभ होता है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मुस्कुराना हम सभी की रोजमर्रा की जिंदगी में कितना फायदेमंद है।

**जीते हैं लंबी जिंदगी:** मुस्कुराहट के अनगिनत फायदे हैं, चाहे इसे जिस तरीके से विश्लेषित किया जाए। चाहे जैविक आधार पर देखा जाए, चाहे सामाजिक आधार पर समझा जाए और चाहे करियर या कारोबार में सफलता के तौर पर व्यक्त किया जाए। अगर हम जैविक रूप में देखें तो पाते हैं कि जिन लोगों को बात-बात पर मुस्कुराने और ज्यादातर मौकों पर खुश रहने की आदत होती है, वे ऐसे किसी भी व्यक्ति से ज्यादा जीते हैं, गुस्सा जिनकी नाक पर बैठा होता है और जो जिंदगी में ज्यादातर समय दुखी रहते हैं, छोटी सी बात पर परेशान हो जाते हैं, डल हो जाते हैं। ऐसे लोगों के मुकाबले जिंदगी को मुस्कुराकर गुजारने वाले चुनौतियों का मुस्कुराकर मुकाबला करने वाले लोग कहीं ज्यादा जीते हैं और इसका बहुत साधारण सा कारण है। जब हम मुस्कुराते हैं या हमारे सामने मौजूद कोई शख्स मुस्कुराता है तो उसकी मुस्कुराहट से या हमारी अपनी मुस्कुराहट से हमारा मूड बदल जाता है और हम लंबे समय तक सकारात्मक रहते हैं।

**निखरती है सोशल इमेज:** खुश होना, सकारात्मक रहना, स्वस्थ जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसलिए मुस्कुराने वाले लोग लंबी उम्र और स्वस्थ जीवन पाते हैं। अगर हम दिन में कम से कम एक बार मुस्कुरा लें तो हमारे दिन भर का काफी हद तक तनाव खत्म हो जाता है। चेहरे की भाव भंगिमाएं, खूबसूरत और सकारात्मक हो जाती हैं, जिस कारण हम जिससे मिलते हैं, उसे तो अच्छा लगता ही है, हमें भी अच्छा लगता है, क्योंकि हम जिससे मिलते हैं, वह व्यक्ति हमसे अच्छा व्यवहार करता है। दिन भर में एक या दो बार भी अगर हम दिल से मुस्कुरा लें, तो हमारी सारी थकान खत्म हो जाती है। हम अभिभूत से दिखने लगते हैं। इससे हमारी सोशल इमेज निखरती है। लब्बोलुआब यह कि मुस्कुराना हमारी हमारी सफलता, हमारी खुशी का सबसे बड़ा सबूत होती है। *

### मुस्कुराहट के प्रकार

**वैसे मुस्कुराहटें** तीन तरह की होती हैं। पहली तरह कि मुस्कुराहट एक ऐसी सौम्य मुस्कुराहट होती है, जो स्वीकृति, खुशी, संतोष और अनगिनत दूसरे सकारात्मक भावों को व्यक्त करती है। दूसरे किस्म की मुस्कुराहट वह होती है, जिससे हमें बल मिलता है, भरोसा मिलता है, अपनापन महसूस होता है, करुणा और सामाजिक जुड़ाव की उम्मीद बंधती है। लेकिन एक वर्चस्व की मुस्कान भी होती है या इसे चाहें तो हम प्रभुत्व की मुस्कुराहट भी कह सकते हैं। भगवान कृष्ण जब दुर्योधन की बड़ी-बड़ी डींगों पर हल्के से मुस्कुरा देते हैं, तो वह मुस्कुराहट दुर्योधन के सारे दावों पर पानी फेरना होता है। यह प्रभुत्व की मुस्कुराहट है। इस मुस्कुराहट से हम दूसरे को खारिज करते हैं, अपनी श्रेष्ठता दर्ज करते हैं और कभी-कभी ऐसी मुस्कुराहट से हम अपने अंदर की घृणा को भी व्यक्त करते हैं।



# युवा पीढ़ी समझती है वैवाहिक बंधन की महत्ता

विवाह का बंधन, ऐसा जुड़ाव है, जो दो इंसानों, परिवारों को ही नहीं जोड़ता, सामाजिक संस्कारों को भी आगे बढ़ाता है। आज की युवा पीढ़ी इस बंधन की महत्ता को अच्छी तरह समझती है। इस जुड़ाव को प्रगाढ़ बनाने में करवा चौथ जैसे पर्व बड़ी भूमिका निभाते हैं।

करवा चौथ विशेष

रिलेशनशिप
डॉ. मोनिका शर्मा

एक स्त्री-पुरुष के मन-जीवन का गठजोड़ शादी का रिश्ता, समाज की बुनियाद को मजबूती देता है। भविष्य की पीढ़ियों का आधार और पुरानी पीढ़ी को थामे रखने वाला सहारा बनता है। हमारे देश में विवाह संस्कार को पूरे समाज की ही बुनियाद माना जाता है। यही कारण है कि डिजिटल जुड़ाव से लेकर दुनियावी बदलाव तक, शादी से जुड़े बहुत से रंगों को नहीं बदल सके हैं। अच्छी बात यह है कि बहुत से युवा आज भी परंपरागत रीति-रिवाज से ना केवल शादी करने में बल्कि उसे निभाने में भी विश्वास रखते हैं। करवा चौथ जैसे पर्व, पति-पत्नी के मनोभावों के जुड़े रहने की भावना को और प्रगाढ़ करते हैं।

**बरकरार है जिम्मेदारी का भाव:** दुनिया के हर समाज में युवा पीढ़ी सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों की वाहक होती है। ट्रेडिशनल रंग-ढंग लिए इन वैल्यूज को उनकी शादी-शुदा जिंदगी अगली पीढ़ी तक लेकर जाती है। दो इंसानों का आपसी स्नेह, संस्कारों की धरोहर भी सहेजता है। सुखद है कि युवा पीढ़ी अब परिवार की महत्ता समझ रही है। कमोबेश हर मोर्चे पर लाइफस्टाइल से जुड़े बदलावों को जीने वाली नई पीढ़ी में पारिवारिक जीवन की अहमियत समझने का भाव भी साफ दिखता है। हमारी परंपरागत और सांस्कृतिक जीवनशैली से जुड़े भाव-चाव को संवारते-संभालते युवा, परिवार तंत्र को बनाए रखने से जुड़े विश्वास को बल देते हैं। दुनिया के हर हिस्से में ही शादी-शुदा जीवन में आ रहे अलगाव और बिखराव से बचने के लिए जज्बाती बंधनों को बनाए रखने की सोच दुनिया भर में सराही जाती है। प्रोफेशनल, पर्सनल, रिश्ते-नातों और मनोभावों से जुड़ी हर जद्दोजहद के बीच भी यंग जनरेशन का विवाह के संबंध में भरोसा बने रहना, पूरे समाज के लिए सुखद है। कुछ समय पहले सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी से जुड़े पब्लिक फाउंडेशन-ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी सर्वेक्षण में सामाजिक-आर्थिक मुद्दों की एक श्रंखला को कवर करने वाली स्टडीज में सामने आया था कि हमारे यहां बड़ी संख्या में युवा परंपरागत ढंग से वैवाहिक बंधन में बंध रहे हैं। शादी डॉट कॉम द्वारा करवाया गया एक अध्ययन भी बताता है कि भारत में शादी को इमोशनल और फाइनेंशियल स्टेबिलिटी से जोड़कर देखे जाने की सोच है। जीवन भर के साथ में ठहराव और लगाव के मायने समझने वाले युवा आज भी परिवार और जीवनसाथी के प्रति जिम्मेदारी का भाव रखते हैं। यही सोच शादी के बंधन में बिखराव नहीं आने देती है।



**साथ बने रहने की सोच:** हमारे देश में आज भी डाइवोर्स का प्रतिशत बहुत कम है। भारत में तलाक की दर अब भी दुनिया की तुलना में केवल 1 प्रतिशत है। आज भी परिजन हों या खुद यंग कपल्स, छोटी-मोटी उलझनों को रिश्ता टूटने का कारण नहीं बनने देते। साथ रहते-जीते हुए सब कुछ सहज और मनचाहा नहीं हो सकता, यंग जनरेशन की ऐसी समझ वाकई सुखद है। दुनिया के हर हिस्से में बढ़ रहे डाइवोर्स केसेस के बीच भारत में बड़ी संख्या में युवक और युवतियां वैवाहिक संबंधों को लेकर बहुत सकारात्मक सोच रखते हैं। यह सोच उनके घर-परिवार से जुड़े रहने की सोच का ही एक पहलू है। फैमिली से जुड़े रहने से ना केवल समय के साथ बढ़ती उलझनों को सुलझाने में पैरेंट्स की सलाह-समझाइश मिलती है बल्कि शादी-शुदा जिंदगी में सम्मानजनक व्यवहार को भी बल मिलता है। इससे पारिवारिक माहौल में बहुत पॉजिटिव बदलाव आ रहे हैं। एक ओर लव मैरिज से जुड़े बच्चों के फैसले अभिभावक खुशी-खुशी स्वीकार करने लगे हैं तो दूसरी ओर बहुत से बच्चे भी लाइफ पार्टनर को लेकर पैरेंट्स के चुनाव को अहमियत देते हैं। यह शेयरिंग-केयरिंग का पहलू पूरे फैमिली सिस्टम को थामने वाला है।

**जीवन संवारने वाला भरोसा:** कुछ समय पहले स्टैटिस्टिक्स ब्रेन रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा किए गए एक अध्ययन में सामने आया था कि अरेंज मैरिज में डाइवोर्स की दर सिर्फ 6 प्रतिशत है। इसी आंकड़े के रेफरेंस देते हुए भारत के 60 प्रतिशत युवाओं ने खुद को अरेंज मैरिज के पक्ष में बताया। सुखद यह है कि ट्रेडिशनल लाइफस्टाइल से जुड़ी यह सोच युवाओं को आज के दौर में मन और शरीर से जुड़ी बहुत सी परेशानियों से भी बचाने वाली है। सार्थक बदलाव के साथ इस भाव और विश्वास की बुनियाद को पक्का करने वाले करवा चौथ जैसे पर्व भी मन के मेल को और बढ़ाने वाले ही हैं। अपने परिवार और साथी की कुशल कामना से जुड़े ऐसे त्योहार, थोड़ा ठहर कर यह सोचने का परिवेश बनाते हैं कि हमारे समाज में शादी सिर्फ दो लोगों का नहीं, दो परिवारों का गठजोड़ है। इससे आपसी भावनात्मक संबंधों में प्रगाढ़ता आती है, समय के साथ बढ़ती जाती है। *

दोहे
केदार शर्मा 'निरीह'

## प्रियतम का यूं साथ हो...



धरती पर रस बरसता, कर तम का अवसान।
मन तम को हर लीजिए, हर करके अज्ञान।।
जल बिच खिलती कुमुदनी, चढ़ती ज्यों परवान।
प्रियतम का यूं साथ हो, मांग रही वरदान।।
धरती की कर परिक्रमा, करा नेह का भान।
मेरे प्रियतम संग मैं, करती हूं गुणगान।।
भावों की जलधार से, अर्घ्य का कर दान।
किरण आपकी उतर कर, हरे मनस अज्ञान।।
जीवन झरने सा बहे, प्रियतम के संग-साथ।
छाया हो या धूप हो, रहे हाथ में हाथ।।
सारस संगी सारसी, जैसे आठों याम।
हरिन संग में हरिप्रिया, रमा संग ज्यों राम।।
गिरिजा का ज्यों संग है, गिरिजापति के साथ।
ऐसे साजन साथ दें, सुनिए तारक नाथ।।
युगों युगों से दे रहे, धरती को अवदान।
विनती तारक नाथ से, दें सुहाग सम्मान।।

लघुकथाएं

## वचन



प्रवीण को वह करवा चौथ आज भी याद है। जब पत्नी अस्पताल में भर्ती थी। उसके पैर में फ्रेक्चर हो गया था। वह शाम को अपने बिस्तर पर उदास लेटी हुई थी। प्रवीण ने कहा, 'तुम्हारा ऑपरेशन सफल हो गया है फिर क्यों चेहरा लटका रखा है? सुख-दुख तो जीवन में आते-जाते रहते हैं। इसी को ही तो जीवन कहते हैं।'

पत्नी दुखी मन से बोली, 'मुझे अपनी चिंता नहीं है।'

'तो किसकी चिंता है?' प्रवीण ने पूछा।


पत्नी की आंखें नम हो आईं, बोली, 'कल करवा चौथ है और मैं आपकी लंबी उम्र के लिए उपवास भी नहीं रख सकूंगी। बस यही चिंता सता रही है। ईश्वर ने मेरे साथ कितना बुरा किया है।' 'अरे ईश्वर को क्यों कोसती हो...तुम्हें याद है, जब अपनी शादी के फेरे हुए थे तो पंडित जी ने एक-दूसरे का साथ देने के लिए सात वचन करवाए थे। उस समय मैंने भी कहा था, मैं हमेशा तुम्हारे सुख-दुख में सदा साथ रहूंगा। आज शायद वो वचन निभाने का समय आ गया है।' प्रवीण ने पत्नी की हिम्मत बंधाई। पत्नी चौंकी, 'वचन...! करवा चौथ पर कौन-सा वचन निभाओगे?'

'जब तुम मेरी दीर्घायु की कामना करने के लिए पिछले तीस बरसों से करवा चौथ का व्रत करती आई हो... तो कल मैं...।' प्रवीण कुछ और कहता, इससे पहले पत्नी बीच में ही बोली, 'तो कल मैं का क्या मतलब...?' 'कल मैं तुम्हारी दीर्घायु और अच्छे स्वास्थ्य की मन्नत के साथ करवा चौथ का व्रत रखूंगा और तुम्हारे दर्शन करके ही अन्न-जल ग्रहण करूंगा।' प्रवीण पत्नी का हाथ अपने हाथों में लेकर बोला।

यह सुनकर पत्नी के आंखों में आंसू छलक आए। *

- गोविंद भारद्वाज

## सम्मान



आज आकाश जी खुशी से फूले नहीं समा रहे थे, उनके बेटे अमित ने आईआईटी प्रवेश परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान जो प्राप्त किया था।

आकाश जी बैंक में वरिष्ठ प्रबंधक हैं। उनकी पत्नी प्रभा घरेलू महिला हैं। वह सुबह से ही घर सजाने में व्यस्त थीं। आज मीडिया वाले अमित का इंटरव्यू लेने आने वाले थे। 'मां आप भी तैयार हो जाएं, मीडिया वाले आपसे भी बात करेंगे।' अमित अपनी मां के गले में प्यार से हाथ डालते हुए बोला।

'इन्हें तैयार-वैयार होने की कोई जरूरत नहीं है।' एकाएक आकाश जी बीच में ही बोल पड़े, फिर वह प्रभा की ओर मुखातिब हुए, 'और हां, तुम उन लोगों के सामने आना भी मत। तुम्हें पढ़ाई-लिखाई की बात कहां समझ में आती है। मीडिया वालों के सामने कोई ऊंटपटांग जवाब दे दिया तो भद्द पिट जाएगी।'

आकाश जी की बात सुनकर प्रभा का सारा उत्साह ठंडा पड़ गया। पहली बार उन्हें अपने पति की बात शूल की तरह चुभी थी। ऐसा भी नहीं था कि अनपढ़ होने का तंज उन्होंने पहली बार सहा हो, या इससे पहले कभी उन्हें बच्चों की परवरिश को लेकर पति ने कोई टिप्पणी ना की हो।

तभी दरवाजे की घंटी बजी। मीडिया वाले आ गए थे। आकाश जी आदर के साथ उन लोगों को अंदर लाए। अमित के इंटरव्यू का सिलसिला शुरू हुआ। कई सवाल पूछे जाने के बाद अचानक एक रिपोर्टर की नजर पर्दे की आड़ में से झांक रही किसी महिला पर पड़ी। उसने बरबस अमित से पूछ लिया, 'वे शायद आपकी माता जी हैं, उन्हें तो बुलाइए जरा।'

'अरे, नहीं-नहीं, वो तो हमारी रिश्तेदार हैं। अमित की मां तो मंदिर गई हुई हैं।' आकाश जी ने साफ-साफ झूठ बोल दिया। 'नहीं, यह मेरी मां हैं, पापा झूठ बोल रहे हैं। दरअसल, मेरी मां कम पढ़ी-लिखी हैं, इसलिए पापा उन्हें कभी किसी से नहीं मिलवाते, लेकिन मेरी मां मेरी प्रेरणा हैं। आज तक मैंने जो भी मुकाम हासिल किया है, वह सिर्फ और सिर्फ अपनी मां की वजह से प्राप्त किया है। अगर मां मेरा साथ ना देतीं तो मैं कब का हार मान चुका होता। जब भी मेरी लगन-मेहनत में कमी होती, मां ही मुझे संभालतीं। मेरी मां के विश्वास ने ही मुझे मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और आज मैं इतनी बड़ी सक्सेस पा सका हूं।' कह कर अमित अपनी मां का हाथ पकड़ कर बैठक में ले आया। उसने मां को अपने पापा के पास वाली कुर्सी पर बैठा दिया।


प्रभा की आंखें खुशी से छलक आई थीं। आज उसके बेटे ने उन्हें बहुत बड़ा सम्मान दिलाया था। *

-शीला श्रीवास्तव

पत्रिका चर्चा / विज्ञान भूषण

## इंद्रप्रस्थ भारती का रामदरश मिश्र विशेषांक

अनेक विधाओं के लेखन में सिद्धहस्त, कई पुरस्कारों से सम्मानित सात-आठ दशकों से निरंतर रचनारत वयोवृद्ध साहित्यकार रामदरश मिश्र का यह जन्मशती वर्ष चल रहा है। इस अवसर पर उन पर केंद्रित इंद्रप्रस्थ भारती पत्रिका का जुलाई-अगस्त अंक, विशेषांक के रूप में प्रकाशित होकर आया है। यह अंक ना केवल पठनीय अपितु संग्रहणीय भी बन पड़ा है क्योंकि इसमें हम ना केवल रामदरश जी की रचनाशीलता के विभिन्न आयामों से परिचित हो सकते हैं, उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को कई लेखकों के नजरिए से समझ भी सकते हैं। पत्रिका के पहले खंड में वरिष्ठ लेखक प्रकाश मनु और ओम निश्चल ने भरपूर भावुकता से मिश्र जी के साथ अपनी स्मृतियों को साझा किया है तो उनकी पुत्री स्मिता मिश्र की अनुभूतियां भी मार्मिक हैं। दूसरे खंड में मिश्रजी के रचना संसार का एक झरोखा खुलता है। इसमें उनकी कुछ कहानियां, कुछ कविताएं, आत्मकथा के अंश, डायरी के अंश और निबंध पढ़ सकते हैं तो तीसरे खंड में प्रेम जनमेजय, पल्लव, नीलम चतुर्वेदी, वेदमित्र शुक्ल और केशव मोहन पांडे समेत एक दर्जन से अधिक लेखकों ने रामदरश जी की बहुविध रचनाशीलता की महत्ता को रेखांकित किया है। *




पत्रिका: इंद्रप्रस्थ भारती (जुलाई-अगस्त 2024, रामदरश मिश्र जन्मशती विशेषांक), संपादक: संजय कुमार गर्ग, मूल्य: 75 रुपए, प्रकाशक: हिंदी अकादमी, दिल्ली

हरिभूमि
रायपुर भूमि

यह लोकतंत्र है...



अलग सेल में रखने की व्यवस्था

अमन साव की क्राइम हिस्ट्री को देखते हुए रायपुर सेंट्रल जेल प्रशासन ने अमन को अन्य बंदियों से अलग रखने की व्यवस्था की है। सूत्रों के मुताबिक अमन को अन्य बंदियों से अलग रखा गया है। इसकी वजह अमन साव को जेल में बंद अन्य बंदियों के साथ जान पहचान बनाने से रोकना है।

# हत्या, फिरौती, मारपीट जैसे सैकड़ों मामलों का आरोपी गैंगस्टर अमन झारखंड से चुनाव लड़ेगा

- गिरफ्तार कर रायपुर लाए गए अमन के वकील ने नॉमिनेशन फार्म पर दस्तखत कराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हत्या, फिरौती, मारपीट सहित सौ से ज्यादा मामलों का आरोपी गैंगस्टर अमन साव झारखंड की बरखा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेगा। इसकी पुष्टि अमन के वकील हेमंत सिकरवार ने की है। अमन साव की पुलिस रिमांड समाप्त होने के बाद शनिवार को कोर्ट ▶▶ शेष पेज 17 पर

## छत्तीसगढ़ में दिया चार वारदातों को अंजाम

झारखंड का गैंगस्टर अमन अपने राज्य में बड़े सरकारी ठेका लेने वाले तथा कोल कारोबारियों को डरा धमकाकर प्रोटेक्शन मनी के रूप में लेवी वसूलता है। अमन के गुर्गों ने कोरबा में वर्ष 2022 को एक लॉजिस्टिक कंपनी के बाहर शूट आउट की घटना को अंजाम दिया था। इसके बाद बदमाशों ने शंकर नगर में वर्ष 2023 में शूट आउट की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद शूट आउट की घटना को अंजाम देने आए अमन के गुर्गे गंज थाना क्षेत्र में घटना को अंजाम देने के पहले पकड़े गए। गंज थाना क्षेत्र के बाद अमन के गुर्गों ने तेलीबांधा थाना क्षेत्र में शूट आउट की घटना को अंजाम दिया है।

**जेलर पर प्राणघातक हमले से लेकर कई तरह के गंभीर आरोप**

झारखंड में अमन साहू का नेटवर्क धनबाद, रांची, रामगढ़, चतरा, हजारीबाग, पलामू, लातेहार, बोकारो तक फैला हुआ है। जेल में रहकर वह कोल माइनिंग कंपनियां, कोयला व्यवसायी और ट्रांसपोर्ट फील्ड के बिजनेसमैन से ▶▶ शेष पेज 17 पर

## खबर संक्षेप



### गोदाम में चोरी, नाबालिग समेत दो गिरफ्तार

**रायपुर।** अमलीडीह स्थित एक गोदाम में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक नाबालिग सहित 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रार्थी शोभित इसरानी ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके गोदाम से अज्ञात आरोपियों ने इलेक्ट्रॉनिक केबल वायर कुल 16 कार्टून चोरी कर ले गए हैं। पुलिस ने मामले में जांच करते हुए जतिन तलरेजा निवासी प्रगति विहार महावीर नगर तथा उसके नाबालिग साथी को गिरफ्तार किया है। जतिन पूर्व में भी लूट के मामले में जेल जा चुका है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की सामग्री के अलावा दोपहिया वाहन जब्त किया है। इस चोरी में शामिल 3 आरोपी अभी फरार हैं, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

राजधानी का तेलीबांधा, उद्योग भवन और सरोना मार्ग होगा कनेक्ट

# एनएचएआई तीन मार्गों का जाम खत्म करने बनाएगा ओवरब्रिज, दिसंबर में शुरू होगा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने की सुगबुगाहट अब तेज हो गई है। केन्द्रीय निर्देश पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) अब दिसंबर में तेलीबांधा, उद्योग भवन और सरोना को कनेक्ट करने के लिए ओवरब्रिज बनाने के लिए सर्वे शुरू करने वाला है। इसके बाद प्रोजेक्ट को पूरा करने पर कितना फंड खर्च होगा और निर्माण को कितने साल में पूरा किया जाएगा, इसका मसौदा यानी डीपीआर तैयार करके शासन को भेजा जाएगा।

राजधानी में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 पर टाटीबंध से तेलीबांधा के बीच उद्योग भवन और सरोना चौक के साथ विधानसभा रोड से बिलासपुर रोड (धनेली) को जोड़ने की तैयारी है। इन मार्गों को रायपुर एक्सप्रेस वे पर ग्रेड सेपरेटर फ्लाईओवरब्रिज से जोड़ने के लिए जल्द निर्माण शुरू किया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ▶▶ शेष पेज 17 पर

### कई रूट होंगे दबाव मुक्त

टाटीबंध से तेलीबांधा और उसके आगे वीआईपी चौक तक ट्रैफिक दबाव तेजी से बढ़ रहा है। अभी विधानसभा रूट से धनेली को जोड़ने वाले मार्ग पर भी यातायात का भारी दबाव रहता है। इन मार्गों पर भारी वाहनों की कतारें कई बार दिन में लगती हैं। हजारों वाहन चालक ट्रैफिक जाम में फंसते हैं। इससे बचाने की मुहिम को तेज किया गया है, इसके बाद भी नई सुविधा देने के लिए करीब तीन साल इंतजार करना होगा, क्योंकि अभी प्रोजेक्ट के लिए फंड नहीं मिला है। इसके लिए मांग पत्र भेजा जाएगा।



### दिसंबर तक तैयार होगा डीपीआर

ओवरब्रिज निर्माण का प्रोजेक्ट और डीपीआर तैयार किया जा रहा है। विधानसभा मार्ग को बिलासपुर रोड (धनेली) को जोड़ने वाले मार्ग पर भी ग्रेड सेपरेटर के लिए प्रोजेक्ट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सूत्रों का कहना है कि डीपीआर व ड्राइंग डिजाइन फाइनल होने के बाद ही इन ग्रेड सेपरेटरों की निर्माण लागत का पता चलेगा। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद निर्माण एजेंसी तय करने के लिए दिसंबर में ही टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे। टेंडर प्रक्रिया होने के बाद निर्माण प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### ऐसे समझें क्या है ग्रेड सेपरेटर

लोक निर्माण विभाग और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक ग्रेड सेपरेटर आमतौर पर एक पुल होता है, जो विभिन्न प्रकार के यातायात को अलग करता है। ग्रेड सेपरेटर का स्ट्रक्चर फ्लाईओवर से थोड़ा सा अलग होता है। इसमें अलग-अलग लेन में पुल की ऊंचाई अलग-अलग होती है, जबकि फ्लाईओवर में सभी पुल की ऊंचाई एक जैसी होती है। चौराहे पर ग्रेड सेपरेटर बनने से ट्रैफिक बाधित भी नहीं होगा। इससे आवागमन किसी तरह से बाधित भी नहीं होगा।

### सर्वे प्रक्रिया के बाद करेंगे टेंडर

ग्रेड सेपरेटर और ओवरब्रिज निर्माण के लिए दिसंबर से सर्वे प्रक्रिया की जाएगी। साथ ही डीपीआर तैयार करने के बाद शासन से फंड के लिए मांगपत्र भेजा जाएगा। निर्माण के लिए एजेंसी तय करने के लिए टेंडर प्रक्रिया इसके बाद की जाएगी।

- **प्रवीन विजयवार,** मैनेजर टेक्निकल एनएचएआई रायपुर

## धरना-प्रदर्शन पर अस्थाई रोक, प्रशासन ने जारी किया नोटिस, होगा रेनोवेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर कर्मचारी संगठनों के हल्ला बोल पर कुछ दिनों तक ब्रेक लगेगा। धरनास्थल पर रेनोवेशन कार्य कराये जाने के कारण धरनास्थल खाली कराया जा रहा है। इस संबंध में सर्व संगठन प्रमुखों को अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं। इसमें धरना प्रदर्शन समाप्त कर तत्काल धरनास्थल खाली करने निर्देश जारी हुआ है। धरनास्थल पर अपनी लंबित मांगों को लेकर बेमियादी धरना दे रहे छत्तीसगढ़ डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी संघ ने एसडीएम को आवेदन कर धरनास्थल खाली करने 3 दिन की मोहलत मांगी है।

- कर्मचारी संगठनों को धरना प्रदर्शन की अनुमति के लिए करना होगा इंतजार
- डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी संघ ने 3 दिन की मांगी मोहलत

दरअसल, नवा रायपुर में राज्योत्सव मैदान के सामने स्थित धरना स्थल पर प्रसाधन कक्ष, सुरक्षा कर्मी कक्ष में लगाये गये नलों, दरवाजों और बिजली के केबल और लाइट की चोरी होने से धरना प्रदर्शन ▶▶ शेष पेज 17 पर

### धरना प्रदर्शन की अनुमति नहीं दे रहे

नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल परिसर में रेनोवेशन कार्य कराया जाना है, इसलिए इस कार्यालय द्वारा धरना प्रदर्शन के लिए अनुमति नहीं दी जा रही है।

- **रवि सिंह,** एसडीएम अभनपुर

आज वो होगा जो पहले कभी नहीं हुआ
101% ओरिजनल प्रदर्शनी.. ब्रांड बाजार ग्रुप की रायपुर में पहली बार
बड़े होटलों में झूठे विज्ञापन देकर महंगे माल बेचने वाले SALE की तुलना हमारे EXHIBITION से न करें
रायपुर के सुराना भवन में केवल 5 दिन के लिये महाग्रांड डिस्काउंट ऑफर
90% तक छूट पर............ सीधा रिटेल ग्राहकों को
जानिये आखिर क्यों दे रहे हैं ब्रांड बाजार ग्रुप के मालिक - ऑनलाईन से भी सस्ता
"सर्दी से पहले ब्रांड बाजार के मालिक ने अपने वेयर हाउसों में रखे समस्त रेडीमेड गारमेंट्स के स्टॉक को बड़ा डिस्काउंट देकर खत्म करने का फैसला लिया है जिससे सर्दी का नया स्टॉक वेयरहाउसों में रखा जा सके"
यह रायपुर के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा डिस्काउंट ऑफर कहलाएगा



इन सभी बड़े से बड़े ब्रांड के बच्चों के गारमेन्ट्स जिनकी मार्केट रेट 600/- से 1200/- तक है
पूरे हॉल में से चुनकर लीजिये : 150/- से 350/- तक में
लेडिस गारमेन्ट्स की हजारों वेरायटी जिनकी मार्केट रेट 800/- से 3500/- तक है
पूरे हॉल में से चुनकर लीजिये : 200/- से 750/- तक में
50 हजार से भी ज्यादा जेन्ट्स गारमेन्ट्स जिनकी मार्केट रेट 1000/- से 3200/- तक है
पूरे हॉल में से चुनकर लीजिये : 200/- से 750/- तक में
जेन्ट्स टी-शर्ट कॉलर व गोल गला मात्र 150/- से 250/- में
जेन्ट्स शर्ट व फार्मल शर्ट मात्र 150/- से 350/- में
जेन्ट्स जींस व ट्राउजर्स मात्र 550/- से 750/-में
बरमूडा व लोअर मात्र 250/-से 350/-में
लेडिस टॉप,लैगीस, लोअर, जींस मात्र 100/- से 350/-में
900 से 1600/- कीमत की रियो व कॉटन कुर्ती मात्र 100/- से 450/- में
900 से 1800/- की वन-पीस प्लाजो सेट लॉन्ग फ्रॉक मात्र 250/- से 650/- में
800 से 1200/- कीमत की बच्चा जीन्स, बच्चा शर्ट, टी-शर्ट मात्र 100/- से 350/- में
लेडिस जीन्स मात्र 100/-
जीन्स व ट्राउज़र्स मात्र 50/-
ब्रांडेड ब्रा मात्र 50/-
पेटीकोट मात्र 100/-
ब्रांडेड जेंट्स अंडरगारमेंट, बनियान मात्र 50/- से 100/- में
फैंसी साड़ी, पार्टी वियर, कॉटन जॉर्जेट, सिंथेटिक साड़ियां - 350/-में
स्थान : सुराना भवन छोटापारा, एचपी गैस एजेंसी के सामने, सुभाष स्टेडियम के पास, नलघर चौक, रायपुर



**खबर संक्षेप**

## दिल्ली में कल सदस्यता अभियान की समीक्षा के साथ संगठन चुनाव की बनेगी रणनीति

**रायपुर ।** भाजपा के सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक सोमवार को दिल्ली में होगी। इस बैठक में जहां सदस्यता अभियान को लेकर सभी राज्यों से चर्चा होगी, वहीं संगठन चुनाव को लेकर भी रणनीति बनेगी।



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, सदस्यता अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी विनोद तावड़े और दुष्यंत गौतम बैठक लेंगे। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव सिंह सहित प्रदेश के एक दर्जन पदाधिकारी रविवार की रात को यहां से दिल्ली जाएंगे। प्रदेश संगठन ने संगठन चुनाव को लेकर यहां पर चुनाव प्रभारी के साथ सह प्रभारी भी बना दिए हैं। ये सभी भी दिल्ली बुलाए गए हैं।

## विकास बने असम के विशेष पर्यवेक्षक

**रायपुर।** एआईसीसी अध्यक्ष ने छत्तीसगढ़ के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय को असम का विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति एआईसीसी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह आदेश जारी किया है।



## राशन कार्ड नवीनीकरण और ई-केवायसी 31 तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में राशन कार्ड का नवीनीकरण और केवायसी करवाने के लिए 31 अक्टूबर तक का समय है। इससे पहले इस काम के लिए 15 अगस्त तक का समय दिया गया था। लेकिन सभी कार्डधारियों द्वारा यह काम न करवा पाने के कारण समय-समय पर तारीखें बढ़ाई जाती रही। अब खाद्य विभाग ने लोगों से अपील की गई है कि वे असुविधा से बचने के लिए अपने राशन कार्ड का नवीनीकरण एवं ईकेवाईसी समय पर करा लें।

# राष्ट्रपति का पुलिस ध्वज सम्मान मिलने पर बोले साय- यह जवानों के हौसले को ऊंचे करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ पुलिस को राष्ट्रपति का ध्वज सम्मान मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, यह सम्मान छत्तीसगढ़ पुलिस के साहस, अनुशासन और देशभक्ति का प्रमाण है। हमारे जवानों ने विपरीत परिस्थितियों में भी नक्सलियों के खिलाफ सफलता प्राप्त की है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई है। यह ध्वज हमारे पुलिस बल के हौसले को और भी ऊंचा करेगा, उन्हें राज्य की सुरक्षा और सेवा के लिए और प्रेरित करेगा। मुख्यमंत्री ने पुलिस बल को बधाई देते हुए कहा, यह सम्मान केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि उन बहादुर जवानों के प्रति एक आदर है, जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना राज्य की शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने छत्तीसगढ़ की जनता को भी गर्व का अवसर प्रदान किया है, जो राज्य की पुलिस की सेवा और समर्पण का सम्मान करती है।

- छत्तीसगढ़ पुलिस को मिला राष्ट्रपति का ध्वज सम्मान
- जवान इस ध्वज की प्रतिकृति को अपनी वर्दी पर प्रतीक चिन्ह के रूप में धारण करेंगे



### अनुकरणीय सेवा और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक

छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए यह एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण है, जब उन्हें 'राष्ट्रपति का पुलिस ध्वज' प्रदान किए जाने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। यह विशेष ध्वज देश के चुनिंदा राज्यों की पुलिस इकाइयों को दिया जाता है, जो 25 वर्षों की अनुकरणीय सेवा और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने नक्सल मोर्चे पर साहस और दृढ़ता के साथ कठिन चुनौतियों का सामना करते हुए यह सम्मान अर्जित किया है, जो उनकी उत्कृष्ट सेवा का प्रमाण है।

### जवान अपनी वर्दी में प्रतीक चिन्ह धारण कर सकेंगे

बताया गया है कि इस सम्मान के साथ, पुलिस बल के जवान इस ध्वज की प्रतिकृति को अपनी वर्दी पर प्रतीक चिन्ह के रूप में धारण करेंगे, जो उनके शौर्य और सेवा का प्रतीक होगा। राष्ट्रपति ध्वज किसी भी पुलिस या सैन्य बल के लिए सर्वोच्च मान्यता मानी जाती है और यह छत्तीसगढ़ पुलिस की निष्ठा, कर्तव्यपरायणता और परिश्रम की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना को दर्शाता है।

### मिलरों का दावा- समय पर नहीं दिया गया स्टेक

# 15 जिलों के राइस मिलरों ने अब तक जमा नहीं किया 35 प्रतिशत चावल, अब कसेगा शिकंजा

**सरकार पर मिलरों का तीन हजार करोड़ बाकी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के 15 जिलों के राइस मिलरों ने अब तक अपने हिस्से का पूरा चावल एफसीआई और नागरिक आपूर्ति निगम (नान) में जमा नहीं किया है। राज्य सरकार ने इस मिलरों पर अब शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। बताया गया है कि सबसे अधिक 30 प्रतिशत चावल सेंट्रल पूल के लिए एफसीआई में जमा नहीं हो पाया है। वहीं नागरिक आपूर्ति निगम में अब तक 95 प्रतिशत चावल जमा हो चुका है। अब सरकार ने राज्य के सभी कलेक्टरों को इन मिलरों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

छत्तीसगढ़ में इस समय जहां धान की नई फसल पककर कटाई की स्थिति में आ रही है, वहीं राज्य सरकार 14 नवंबर से धान खरीदी की तैयारी में है। लेकिन पिछले सीजन ने जिन मिलरों ने धान की मिलिंग के लिए सरकार से अनुबंध किया था और समय पर चावल तैयार कर जमा करने की जिम्मेदारी ली थी, वही मिलर पिछले सीजन



का पूरा चावल अब तक जमा नहीं कर पाए हैं। राज्य भर में 3 हजार 27 मिलरों ने पिछले साल सरकार से मिलिंग के लिए साढ़े पांच हजार से अधिक अनुबंध किए थे। ये अभी प्रभावी हैं।

### स्टेक अलाट होने के बाद भी चावल जमा नहीं

मार्कफेड के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार एफसीआई को चावल जमा करने में कमी हुई है। राज्य के कुल मिलरों में से ऐसे जिन्हे एफसीआई में चावल जमा करना है, उनमें से 30 प्रतिशत मिलरों ने चावल नहीं जमा कराया है। कुछ समय पहले तक एफसीआई मिलरों का चावल लेने के पहले रेलवे से स्टेक प्राप्त करती थी, स्टेक की कमी के कारण कई बार मिलर चावल जमा कराने में देरी करते थे। लेकिन इस समय स्थिति ये है कि मिलरों को स्टेक अलॉट है। क्योंकि अब एप के माध्यम से अलाटमेंट हो रहा है। इसके बावजूद मिलर चावल नहीं जमा करा रहे है। शासन के निर्देश पर ऐसे मिलरों के खिलाफ संबंधित जिला प्रशासन को कार्रवाई करने कहा गया है।

### मिलरों पर कार्रवाई गलत- 3 हजार करोड़ का भुगतान नहीं

इस मामले को लेकर रायपुर कृषि मंडी के पूर्व सदस्य विजय शर्मा का कहना है कि मिलरों पर कार्रवाई गलत है। पहले तो मिलरों को समय पर स्टेक उपलब्ध नहीं कराए गए। अब धान पुराना होने के कारण चावल बनाने में मुश्किल हो गई है। धान पाखड हो गया है। नया धान आने पर मिलर चावल बनाकर देंगे। दूसरी और बड़ी बात ये है कि राज्य के राइस मिलरों का दो साल से कस्टम मिलिंग का तीन हजार करोड़ रुपयों का भुगतान नहीं किया गया है। मिलर पहले ही काफी परेशान है। भिलाई में शुक्रवार को लघु उद्योग भारती के कार्यक्रम में भी मिलरों के बकाया भुगतान का मामला गंभीरता से उठाया गया है।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बनाया गया भाजपा का सक्रिय सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को शनिवार को भाजपा का सक्रिय सदस्य बनाया गया। उनको सक्रिय सदस्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री निवास में सक्रिय सदस्यता के प्रदेश संयोजक संजय श्रीवास्तव व जिलाध्यक्ष जयंती पटेल जिला सक्रिय सदस्यता समीक्षा समिति के संयोजक छगनलाल मूंदड़ा पहुंचे और श्री साय को सक्रिय सदस्यता दिलाई गई। इसी के साथ प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू को सक्रिय



सदस्यता दिलाई गई। प्रदेश में भाजपा का सक्रिय सदस्यता अभियन चल रहा है। प्रदेशभर के दिग्गज नेताओं और मंत्रियों को उनके घर पर जाकर सक्रिय बनाने का क्रम प्रारंभ किया गया है। शनिवार को मुख्यमंत्री निवास में जाकर उनको भी सक्रिय सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि मैं भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता हूं इसी वजह से आज मैं प्रदेश का मुख्यमंत्री हूं। पार्टी ने मुझ पर जो विश्वास व्यक्त किया है मैं अपनी पूरी उर्जा और शक्ति लगाकर छत्तीसगढ़ को देश के अग्रणी राज्यों में स्थापित कर सकूं यही मेरा प्रयास है। पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मेरी संवेदनाएं हैं प्रदेश के प्रति मेरा कर्तव्य है। पार्टी के प्रति मेरी आस्था है नेतृत्व के प्रति में आभारी हूँ। आज मुझे पुनः पार्टी का सक्रिय सदस्य बनाया गया इसके लिए में संगठन के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

## नामांकन के दूसरे दिन 9 फार्म बिके, अभ्यर्थियों की संख्या 17 पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए दूसरे दिन 9 नामांकन फार्म बिके। पहले दिन 8 फार्म बिके थे। इस तरह दो दिन में 17 नामांकन फार्म बिक चुके हैं। इस तरह 17 में से 10 नामांकन फार्म निर्दलीय अभ्यर्थियों ने खरीदा है।




**छुट्टी के दिन ज्यादा बिके फार्म**

सरकारी अवकाश होने के बाद भी शनिवार को विधानसभा उपचुनाव के कारण कलेक्टोरेट में नामांकन फार्म खरीदने की प्रक्रिया जारी रही। नामांकन प्रक्रिया के लिए एक हफ्ते का समय दिया गया है। 18 से 25 अक्टूबर के हफ्ते के दौरान शनिवार और रविवार पड़ा है। राज्य में शनिवार को सरकारी छुट्टी रहती है, लेकिन प्रशासन ने फार्म लेने और जमा करने में अभ्यर्थियों को सुविधा देने के लिए छुट्टी के दिन भी नामांकन की प्रक्रिया जारी रखी, जिसका फायदा अभ्यर्थियों ने भी उठाया, जिससे शनिवार को शुक्रवार वर्किंग डे की तुलना में ज्यादा नामांकन फार्म खरीदे गए।

**8 निर्दलीय एवं पार्टी से 2 ने खरीदा फार्म :** नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन भारतीय जनता पार्टी से सूरज यादव, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से दयाराम मेंढे ने फार्म खरीदा। इसके अलावा 8 निर्दलीय अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म खरीदा है, जिनमें जितेंद्र शर्मा, महेंद्र कुमार बाघ, सुषमा अग्रवाल, प्रकाश कुमार उरांव, आकाश तिवारी, मोहम्मद अनवर रिजवी, शबिस्ता खान शामिल है। नामांकन दाखिल करने की अंतिम 25 अक्टूबर है। नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर को होगी तथा 30 अक्टूबर तक अभ्यर्थी नाम वापस ले सकेंगे।






खबर संक्षेप

## कथक में प्रियांजली को मिला तृतीय स्थान



**रायपुर।** ऑल इंडिया डांस एसोसिएशन की ओर से रंग मंदिर में 12 से 21 अक्टूबर तक नटवर गोपीकृष्ण अवार्ड-2024 का आयोजन किया गया है। जहां प्रियांजली जैन ने कथक नृत्य के सब जूनियर केटेगरी में तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रियांजली नृत्यांजली डांस एकेडमी रायपुर के डायरेक्टर कमलेश कुमार मरकाम से नृत्य की शिक्षा ले रही हैं। साथ ही इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के तत्वावधान में कथक की विधाएं सीख रही हैं। प्रियांजली कृष्णा पब्लिक स्कूल डूंडा में आठवीं की छात्रा हैं। नृत्य के साथ-साथ वे पढ़ाई में भी बहुत आगे है। वे विकास जैन और प्रियंका जैन के पुत्री हैं।

## निधन

### अजय जसूजा



**रायपुर।** अवंति विहार निवासी अजय जसूजा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 19 अक्टूबर को न्यू राजेंद्रनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे मोहनलाल जसूजा के पुत्र थे।

### कृष्णपद बनर्जी



**रायपुर।** अवीवा ग्रीन सिटी डूंडा निवासी बंगाली कालीबाड़ी समिति के वरिष्ठ सदस्य एवं काली मंदिर के पूर्व पंडित कृष्णपद बनर्जी (65) का 19 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे मिहिर गांगुली के ससुर, शुभोजीत एवं देबोश्री के पिता थे।

# बूढ़ातालाब परिसर में महापौर सहित कांग्रेस पार्षद दल ने किया चौपाटी का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर एजाज ढेबर ने शनिवार को कांग्रेसी पार्षदों के साथ बूढ़ातालाब परिसर पहुंचकर वहां बन रही चौपाटी का विरोध किया। उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि षड़यंत्रपूर्वक गेट को खुलवाया गया है। जिस जगह पर चौपाटी बन रही है, वह जगह दानी स्कूल के ठीक पीछे वाली जगह है, जहां रूफटॉप रेस्टारेंट खुलने से छात्राओं की निजता प्रभावित होगी। पर्यटन मंडल ने यदि वहां चौपाटी का काम नहीं रुकवाया तो कोर्ट जाने मजबूर होंगे, क्योंकि ये स्कूली बच्चियों की सुरक्षा का सवाल है पर्यटन मंडल से अनुबंधित एजेंसी बूढ़ातालाब परिसर में रुफटॉप कैफे, फूड कियोस्क खोलने जा रही है। इसके लिए दानी स्कूल के पीछे वाले हिस्से में पाथवे पर कंटेनर नुमा ढांचा खड़ा कर दिया गया है। इसका स्थानीय रहवासियों सहित कांग्रेसी पार्षद दल ने विरोध किया है। महापौर एजाज ढेबर के नेतृत्व में कांग्रेसी पार्षदों ने बूढ़ातालाब के पास प्रस्तावित चौपाटी स्थल पर पहुंचकर इसका विरोध किया। श्री ढेबर ने कहा पर्यटन मंडल ने जल्द यदि चौपाटी का काम नहीं रुकवाया, तो कांग्रेस पार्षद दल और पार्टी संगठन के लोग वहां धरना देंगे। महापौर ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक ओर जहां भाजपा के विधायक साइंस कालेज के पास चौपाटी का विरोध कर रहे हैं, वही दूसरी ओर राज्य में सरकार बदलते ही बूढ़ातालाब में चौपाटी खुलवा रहे हैं।

## महापौर एजाज ढेबर ने कहा- पर्यटन विभाग ने काम नहीं रुकवाया तो कोर्ट जाएंगे



### स्टूडेंट की प्राइवेसी पर सवाल

दानी स्कूल के पीछे तालाब परिसर में लोहे के ढांचे और कंटेनर नुमा चौपाटी खोलने की योजना पर काम चल रहा है। इससे स्कूल और कालेज में पढ़ने वाली छात्राओं की निजता प्रभावित हो सकती है। इसी बात का विरोध हो रहा है। रायपुर स्मार्ट सिटी ने 5 साल पहले 2 चरण में 35 करोड़ रुपए खर्च कर तालाब का सौंदर्यीकरण कराया था। सौंदर्यीकरण के दौरान पाथवे के साथ तालाब के चारों ओर बाउंड्रीवाल, म्यूजिकल फाउंटेन, भव्य गेट लगाए गए। कांग्रेस शासनकाल में रायपुर स्मार्ट सिटी ने बूढ़ातालाब में 2 परिक्रमा पथ बनाए और गाड़ियों की आवाजाही को बंद किया। भाजपा की सरकार आते ही परिक्रमा पथ को आम लोगों और वाहनों की आवाजाही के लिए फिर चालू कर दिया गया। चौपाटी निर्माण का विरोध करने वालों में एमआईसी सदस्य जितेंद्र अग्रवाल, सहदेव व्यवहार, सुंदर जोगी, पार्षद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, हेमंत पटेल, नीलकंठ जगत, पार्षद बिरेंद्र देवांगन, उत्तम साहू, कांग्रेसी कार्यकर्ता नवीन चंद्राकर शामिल रहे।

लेनदेन के विवाद पर उलझा पूरा मामला

# कंस्ट्रक्शन से जुड़े प्रतीक सुसाइड केस में कई पेंच, सुसाइड नोट जांच एक्सपर्ट को भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खम्हारडीह थाना क्षेत्र में प्रतीक सैम्युअल सुसाइड मामला सुलझने के बजाय उलझता नजर आ रहा है। अलग-अलग तारीख में खम्हारडीह तथा टिकरापारा थाने की पुलिस को की गई शिकायत के आधार पर प्रतीक द्वारा लेनदेन की वजह से खुदकुशी करने की बात सामने आ रही है। मृतक ने टिकरापारा थाना में एक आईपीएस की पत्नी के खिलाफ पिछले वर्ष शिकायत दर्ज कराई है।

पुलिस विभाग में कंस्ट्रक्शन का ठेका लेने वाले प्रतीक ने गुरुवार को अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। खुदकुशी करने के पूर्व मृतक ने आठ अलग-अलग लोगों के नाम से सुसाइड नोट लिखा है। जानकारी के मुताबिक मृतक ने जिन लोगों के नाम से सुसाइड नोट लिखा है, उनमें जो प्रतीक को प्रताड़ित करते थे, उनका भी नाम शामिल है। पुलिस ने घटनास्थल पर मिले सुसाइड नोट को अपने कब्जे में लेकर राइटिंग एक्सपर्ट के पास जांच कराने के लिए भेजा है।



मृतक के कमरे से सुसाइड नोट तथा अलग-अलग आठ प्रतियां मिलीं

स्टील कारोबारी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

सुसाइड नोट में प्रताड़ना को बताया वजह

### आखिर कहां गए पेन ड्राइव, टेबलेट

मृतक ने अपने सुसाइड नोट में पेन ड्राइव तथा टैबलेट का जिक्र किया है। घटनास्थल से पेन ड्राइव के साथ टैबलेट गायब है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि मृतक ने जिस पेन ड्राइव तथा टैबलेट का जिक्र किया है, वह कहां गायब हो गया। इस संबंध में पुलिस मृतक का कमरा खोलकर अंदर दाखिल होने वाले लोगों से पूछताछ करने की बात कह रही है। प्रतीक ने अपने पेन ड्राइव में उसे जान से मारने की कोशिश करने वालों के वीडियो होने की बात का उल्लेख किया है।

### सुसाइड नोट में जिनका नाम उनसे पूछताछ

प्रतीक ने अपने सुसाइड नोट में जिन लोगों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है, पुलिस उन लोगों को पूछताछ करने थाने में तलब करने की बात कह रही है। सुसाइड नोट में प्रतीक ने आईपीएस की पत्नी के खिलाफ भी गंभीर आरोप लगाए हैं। ऐसे में पुलिस आईपीएस की पत्नी के साथ किस तरह से पूछताछ करेगी, यह आने वाले दिनों में पता चलेगा।

### पुलिस ने 155 का फैना काटकर दिया

खम्हारडीह थाना में प्रतीक ने मोनिका के नाम से लिखित में शिकायत दर्ज कराई है। प्रतीक ने अपनी शिकायत में उल्लेख किया है कि मोनिका उससे पूर्व में रुपए लेती थी, जिसे वह वापस भी कर देती थी। एक समय के बाद पैसा नहीं देने पर प्रतीक ने मोनिका पर प्रताड़ित करने तथा झूठे केस में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। प्रतीक ने इस बात की शिकायत थाने में की, तो पुलिस द्वारा इसे पुलिस हस्तक्षेप योग्य मामला नहीं मानते हुए प्रतीक को 155 का फैना काटकर देने की बात सामने आई है।

### आईपीएस की पत्नी के खिलाफ टिकरापारा में शिकायत

प्रतीक ने पिछले वर्ष 17 फरवरी 2023 को एक आईपीएस अफसर की पत्नी के खिलाफ पुलिस विभाग में ठेका दिलाने के एवज में पैसे लेने का आरोप लगाया है। ठेका नहीं मिलने पर आईपीएस की पत्नी से पैसा मांगने पर घर में गुंडे भेज धमकाने तथा मारपीट करने के प्रतीक ने गंभीर आरोप लगाए हैं।

मुजगहन थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व दिनदहाड़े लूट की गुत्थी सुलझी

# लूट का हुआ खुलासा, दोस्त को कर्ज से उबारने सुपरवाइजर ने गढ़ी झूठी कहानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुजगहन थाना क्षेत्र के कमल विहार सेक्टर-15 में एक रियल एस्टेट कंपनी के सुपरवाइजर से दिन दहाड़े कथित तौर पर 20 लाख रुपए लूट के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। लूट की झूठी कहानी गढ़ने के आरोप में पुलिस ने रियल एस्टेट कंपनी के सुपरवाइजर तथा उसके साथी को गिरफ्तार किया है। लूट की झूठी कहानी गढ़ने की वजह सुपरवाइजर का अपने दोस्त को कर्ज से उबारना है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 18 लाख 54 हजार बरामद कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक लूट की झूठी कहानी गढ़ने के आरोप में साईं फ्यूल्स एंड इस्कान इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के सुपरवाइजर मनोज ध्रुव तथा उसके साथी योगेंद्र कुमार भारती उर्फ बबलू को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार घटना का मास्टर माइंड योगेंद्र कुमार है। उसी के कहने पर मनोज ने लूट की झूठी कहानी गढ़ी थी। पुलिस के अनुसार योगेंद्र का मोबाइल शॉप का कारोबार है। व्यापार में घाटा होने पर उसने उबरने मनोज से मदद मांगी और मनोज जिस कंपनी में काम करता है, उस कंपनी के रुपए गबन कर लूट की झूठी कहानी गढ़ने प्लानिंग की।

क्राइम सीन रीक्रिएट करने में गड़बड़ी करने पर पकड़ा गया



### पूरी प्लानिंग के साथ घटना को दिया अंजाम

पुलिस के अनुसार लूट की झूठी कहानी का पर्दाफाश न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए मनोज तथा उसके साथी ने पूरी प्लानिंग की। उन लोगों ने लूट की कहानी गढ़ने ऐसे स्थान का चयन किया, जहां दूर-दूर तक सीसीटीवी कैमरा नहीं था। इसके साथ ही मनोज ने अपना मोबाइल बंद कर योगेंद्र के सुपुर्द कर दिया था।

### बयान, क्राइम सीन रीक्रिएशन में फंसे

पुलिस के मुताबिक घटनास्थल तथा आसपास किसी तरह से सीसीटी फूटेज नहीं मिलने पर मनोज से पूछताछ की गई, तो वह लगातार बयान बदल रहा था। इसके साथ ही पुलिस मनोज को क्राइम सीन रीक्रिएट करने घटनास्थल ले गई। घटनास्थल पर आधा दर्जन से ज्यादा बार क्राइम सीन रीक्रिएट कराया गया, लेकिन हर बार मनोज क्राइम सीन रीक्रिएट करने में गड़बड़ी कर रहा था। इसके बाद पुलिस ने मनोज से सख्ती से पूछताछ की, तो उसने अपने साथी के साथ मिलकर लूट की झूठी कहानी गढ़ने के बारे में जानकारी दी।



## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य ने किया धर्मस्थलों का भ्रमण

रायपुर। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य धन्य कुमार जिनप्पा गुंडे ने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान सिख, मुस्लिम जैन, मसीही समाज के धर्मस्थलों का भ्रमण किया। उन्होंने इन समाजों के प्रतिनिधियों व धर्मगुरुओं से भी चर्चा की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के आर्च बिशप विक्टर हेनरी ठाकुर से बिशप्स हाउस में मुलाकात कर उन्हें समस्याओं, जरूरतों और प्रकरणों से अवगत कराया। उनका छत्तीसगढ़ की कोसा शॉल से सम्मान किया गया। उन्होंने श्री गुंडे से मांग की कि वे दिल्ली तक राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की ओर से केंद्र सरकार के समक्ष इसे समस्याओ को प्रस्तुत कर निदान निकालने का प्रयास करें। इस मौके पर जनरल फादर सेबेस्टियन पी., जॉन राजेश पॉल एवं प्रकाश मोदी भी मौजूद थे। योग सदस्य को बताया गया कि प्रदेश के लगभग सभी मसीही कब्रस्थान भर चुके हैं। अधिकांश ब्रिटिशकालीन हैं। इस वजह से दफन संस्कार में काफी दिक्कतें आती हैं। पिछले दो दशकों से इस समस्या का समाधान नहीं किया है। इस संबंध में समाज ने शासन के साथ काफी लिखा-पढ़ी भी की है, इसलिए शासन से कब्रस्थान के लिए जमीन उपलब्ध कराने निर्देश दें। इसी तरह प्रदेश के लगभग सभी गिरजाघरों की हालत काफी खराब है।

### जिला स्तरीय युवा संसद स्पर्धा में चार टीमें हुईं शामिल



रायपुर। सालेम इंग्लिश स्कूल में जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें रायपुर जिले के चार विकासखंड आरंग, अभनपुर, तिल्दा और धरसींवा से चार टीमें इस प्रतियोगिता में शामिल हुईं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य स्कूली छात्र, छात्राओं में संसद की कार्यवाही और कार्यप्रणाली से अवगत कराना व जागरूकता जगाना है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल एवं सहायक क्रीड़ा अधिकारी आईपी वर्मा, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी के अलावा केएस पटले, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा, सीजी बोर्ड के प्रभारी प्राचार्य अखिलेश नंद, स्कूल की प्रभारी प्राचार्या रूपिका लॉरेंस आदि शामिल थे।

### माहेश्वरी सभा के राष्ट्रीय पदाधिकारी नवरास में हुए शामिल



रायपुर। महेश सभा रायपुर द्वारा शरद उत्सव के अवसर पर रास गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रमेश झंवर एवं राकेश सोमानी ने बताया कि गुढ़ियारी स्थित मारुति मंगलम भवन में नवरास कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिला संगठन के माध्यम से मां दुर्गा के नौ स्वरूपों के साथ शिवरास, सती स्वरूप, सिंदूर खेला, धुनी नाच एवं महाकाली रक्तबीज की शानदार प्रस्तुति मंच पर दी गई। महिला मंडल द्वारा विगत माहभर से कार्यक्रम की तैयारी की जा रही थी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय माहेश्वरी युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद सोनी, महिला संगठन की राष्ट्रीय महामंत्री ज्योति राठी, प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मुंदड़ा, समाजसेवी राजकुमार राठी सहित समाज के नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# हवाई सेवा से जुड़ेगा सरगुजा, पीएम मोदी करेंगे वर्चुअल महामाया एयरपोर्ट का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

सरगुजा क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग अब पूरी होने जा रही है। आदिवासी बहुल क्षेत्र सरगुजा हवाई सेवा से जुड़ने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 अक्टूबर को मां महामाया एयरपोर्ट अम्बिकापुर का वर्चुअल रूप से लोकार्पण कर सरगुजावासियों को यह सौगात देंगे। हवाई सेवा से जुड़ने से सरगुजा सम्भाग के समस्त जिलों सरगुजा, जशपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। विमान सेवा से जुड़ने पर सरगुजा सम्भाग में पर्यटन, वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा व आवागमन की सुविधा के विस्तार के साथ क्षेत्रवासियों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

## पर्यटन, वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा




### राज्यपाल डेका व सीएम साय होंगे शामिल

अति विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी में महामाया एयरपोर्ट अंबिकापुर के लोकार्पण समारोह का कार्यक्रम अपराह्न 3 बजे से शुरू हो जाएगा। राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपराह्न 3 बजे से 3.15 बजे तक एयरपोर्ट का भ्रमण एवं अवलोकन करेंगे। तत्पश्चात स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वागत एवं भेंट, दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों का उद्बोधन होगा। सायं 4.00 बजे वाराणसी से लाइव प्रसारण की शुरुआत होगी, 4.05 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से मां महामाया एयरपोर्ट का शुभारंभ होगा तथा 4.05 से 4.20 बजे तक प्रधानमंत्री का उद्बोधन होगा।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 20 अक्टूबर को वाराणसी से अपरान्ह 4 बजे बजे मां महामाया एयरपोर्ट अम्बिकापुर का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। इस समारोह में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू जी किंजरापु, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा, केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वित्त एवं प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास लक्ष्मी राजवाड़े, सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महाराज, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, अध्यक्ष राज्य युवा आयोग विश्व विजय सिंह तोमर उपस्थित रहेंगे।

# एनएचआई पर चक्काजाम करने निकले डीएड बीएड प्रशिक्षित, पुलिस ने ब्रिज के पास रोका

## धरनास्थल की लाइट बंद, खाना बनाने में अड़चन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड-बीएड कर्मचारी संघ के आव्हान पर डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने तूता स्थित धरनास्थल से नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करने रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने अंडरब्रिज के पास रोक दिया। लामबंद अभ्यर्थी प्रदेशभर में रिक्त 33 हजार शिक्षकों के पदों पर जल्द भर्ती की मांग को लेकर चक्का जाम करने निकले। भुक्तभोगियों का कहना है, रैली निकालने के बाद धरनास्थल की लाइट बंद करा दी गई। पंडाल स्थल पर खाना बनाने से रोका गया ।

- प्रदेशभर से जुटे अभ्यर्थी, 33 हजार शिक्षकों की भर्ती की मांग को लेकर प्रदर्शन

7 सूत्रीय मांगों को लेकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर प्रदेशभर के डीएड-बीएड अभ्यर्थी अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं। उनकी प्रमुख मांग है, प्रदेशभर के स्कूलों में शिक्षकों के 33 हजार रिक्त पदों की भर्ती जल्द की जाए। आंदोलनकारी शनिवार को शाम 4 बजे धरनास्थल से नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करने निकले। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस के जवान धरनास्थल पर तैनात किए गए।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष दाउद खान ने बताया कि शासन-प्रशासन से अब तक डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों की सुध नहीं ली है। इसीलिए बाध्य होकर नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करने उतरना पड़ा।



**ब्रिज के पास बैरिकेड लगाकर रोका, सड़क पर घंटों बैठे रहे प्रदर्शनकारी**

धरनास्थल से थोड़ी दूर जाने के बाद डीएड-बीएड प्रशिक्षितों को पुलिस के जवानों ने ब्रिज के पास बैरिकेड लगाकर आगे बढ़ने से रोक दिया। इससे नाराज अभ्यर्थी सड़क पर बैठकर विरोध जताते रहे। पुलिस प्रशासन ने उन्हें समझाइश दी। देर शाम तक उनका धरना प्रदर्शन जारी रहा।

### प्रमुख मांग

- प्रदेश के स्कूलों में रिक्त 33 हजार शिक्षको के भर्ती की प्रक्रिया जल्द प्रारंभ हो, जिसमें संकाय विषय के पद सम्मलित हो।
- शिक्षक वर्ग 2 की भर्ती विषयवार करने की मांग।
- युक्तिकरण के नाम पर हजारों स्कूलों को बंद किये जाने के सरकारी फैसला को निरस्त किया जाए।
- स्कूल शिक्षा विभाग के 2008 के सेटअप को यथावत रख कर नई भर्तियों की कार्यवाही जल्द पूर्ण हो।
- आगामी शिक्षक भर्ती में आरक्षित वर्ग को 5 फीसदी छूट प्रदान करने की मांग
- प्रदेश के स्कूलों में छत्तीसगढ़ी पीजी डिप्लोमा धारियों के लिए पद सृजित कर उनके पदों पर भर्ती की जाए।
- डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को उम्र में अतिरिक्त छूट प्रदान करने की मांग।

### डाटा एंट्री आपरेटरों ने दिया धरना, 2 सूत्रीय मांग

छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ के बैनर तले प्रदेशभर के डाटा एंटी आपरेटरों ने अपनी 2 सूत्रीय मांग को लेकर तूता स्थित धरनास्थल पर प्रदर्शन किया। 7 माह से वेतन नहीं मिलने से प्रदेशभर के 2739 धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर के समक्ष आजीविका का संकट बना हुआ है। भुक्तभोगियों का



कहना है, दीपावली त्योहार से पूर्व उनके लंबित वेतन का भुगतान किया जाए। साथ ही 27 फीसदी वेतन वृद्धि का लाभ प्रदान किया जाए। मांग पूरी नहीं होने पर डाटा एंट्री आपरेटर 21 अक्टूबर को मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे। वहीं 22 तारीख को वित्तमंत्री निवास घेराव करने का कार्यक्रम रखा गया है।

# एमडी-एमएस एडमिशन में भी लागू हो सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन




हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

एमबीबीएस की तरह मेडिकल की पीजी यानी एमडी-एमएस में एनआरआई कोटे के एडमिशन में सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन का पालन किए जाने की मांग उठने लगी है। इस मामले में छत्तीसगढ़ डाक्टर्स फेडेरेशन ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात की है।

- स्वास्थ्य मंत्री से मिला डाक्टर्स फेडरेशन

राज्य में हाल ही में छत्तीसगढ़ डाक्टर्स फेडरेशन का गठन किया गया है। फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह एवं डॉ. गंधर्व पांडे ने स्वास्थ्य मंत्री के सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि यूजी की तरह पीजी में भी एनआरआई कोटे से एडमिशन के लिए बड़ा खेल होता है और करोड़ों का लेनदेन होता है। ऐसे डाक्टरों को फायदा पहुंचाने के लिए उन्हें पीजी की वह सीट अलॉट की जाती है, जिनकी डिमांड सबसे ज्यादा होती है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन जिस तरह यूजी एडमिशन के लिए किया गया है, उसी तरह एमडी-एमएस की सीटों के प्रवेश के लिए भी लागू किया जाना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने एम्स के एमबीबीएस को अलॉटमेंट के बजाए राज्य कोटे की सभी सीट स्थानीय छात्रों को देने, वर्ष 2018 बैच के सवा सौ डाक्टरों की बांड पोस्टिंग का आदेश, जिन्हें नियुक्ति मिल चुकी उन्हें वास्तविक वेतन तथा नियमित चिकित्सकों को पढ़ाई के अनुरूप तीन साल का सवैतनिक अवकाश दिया जाए।

# केदार गुप्ता बोले- कांग्रेस और उससे जुड़े लोग आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कहा, छत्तीसगढ़ में इन दिनों कांग्रेस और उसके दीगर संगठनों से जुड़े लोग आपराधिक, हिंसक और विभाजनकारी गतिविधियों में संलिप्त पाए जा रहे हैं और कांग्रेस के आपराधिक चेहरे लगातार उजागर हो रहे हैं, उससे यह बात एकदम साफ है कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ में आराजकता और आतंक का वातावरण निर्मित करने के अपने एजेंडे पर काम कर रही है।

श्री गुप्ता ने कहा, अभी हाल ही में सरगुजा संभाग के सूरजपुर जिले में एक पुलिस आरक्षक पर खौलता हुआ तेल डालने और बाद में प्रधान आरक्षक की पत्नी व उसकी मासूम बच्ची की निर्मम हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपियों में कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई के पूर्व व वर्तमान पदाधिकारियों की गिरफ्तारी कांग्रेस के इसी राजनीतिक चरित्र का प्रमाण है, जिसके चलते कांग्रेस ने राजनीति का अपराधीकरण और अपराधियों का कांग्रेसीकरण करने में जरा भी लज्जा का अनुभव नहीं किया और कांग्रेस पदाधिकारियों के अनुरोध को दरकिनार कर आदतन बदमाश और गुण्डा प्रवृत्ति के लोगों को एनएसयूआई समेत अपने विभिन्न संगठनों में पद देकर अपराधियों की हौसला-आफजाई की।

श्री गुप्ता ने कहा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव समेत तमाम कांग्रेस नेताओं को राजनीतिक ढोंग करने के बजाय स्पष्टीकरण देना चाहिए। हर तरह के अपराधों में संलग्न लोगों की शरणस्थली बनी कांग्रेस का यही राजनीतिक ट्रेक रिकॉर्ड रहा है कि जब वह सत्ता में होती है तो आपराधिक तत्वों को प्रश्रय देकर अपने हित साधने के लिए उन्हें इस्तेमाल करती है।

# राष्ट्रपति के रायपुर प्रवास को लेकर निगम आयुक्त ने किया मार्गों का निरीक्षण

- सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित रायपुर प्रवास को ध्यान में रखते हुए निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने चयनित स्थलों, चौराहों का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया।

उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि सड़कों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाए। श्री मिश्रा ने बूढ़ातालाब के नीलाभ उद्यान, डीडीनगर, जीई रोड, महोबा बाजार के पौनी पसारी स्थल, आमापारा के कारी तालाब प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अधिकारियों के साथ कोटा क्षेत्र के महंत तालाब, डबरा तालाब, आमापारा के कारी तालाब प्रोजेक्ट का निरीक्षण कर तालाब को स्वच्छ रखने निर्देश दिए। महोबाबाजार के पौनी पसारी भवन में युवाओं के लिए कंप्यूटर शिक्षण संस्थान को स्थान देने के संबंध में नियम अनुसार कार्यवाही करने दिशा निर्देश दिए। इसी तरह देवेंद्र नगर एक्सप्रेस वे मार्ग में ब्रिज के नीचे सौंदर्यीकरण करने हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त यू.एस अग्रवाल, रायपुर स्मार्ट सिटी के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्वल पोरवाल, महाप्रबंधक (तकनीकी) पीके पंचायती सहित तकनीकी विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बिजनेस साइट

# श्री नारायणा हॉस्पिटल में बेटी ने लीवर डोनेट करके पिता को दिया नया जीवन



रायपुर। लीवर सिरोसिस से पीड़ित तिल्दा निवासी 59 वर्षीय अनिल कुमार यादव को उनकी बेटी वंदना यादव राठी ने अपना पार्शियल लीवर डोनेट करके नया जीवन दिया है। उनका सफल लीवर ट्रांसप्लांट 6 अक्टूबर को श्री नारायणा हॉस्पिटल में हुआ। श्री नारायणा हॉस्पिटल में एक पत्रकारवार्ता के दौरान मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सुनील खेमका ने इस सफल सर्जरी की जानकारी दी। सर्जन डॉ. हितेश दुबे, डॉ. सचिन वी. डागा और अन्य विशेषज्ञों ने बताया कि यह सर्जरी 12 घंटे तक चली, जिसमें एक ही समय पर दो ऑपरेशन थिएटरों में काम किया गया। एक ओटी में डोनर का लीवर निकाला गया और दूसरी ओटी में अनिल के खराब हिस्से को हटाया गया।

अनिल की जांच से पता चला कि उनकी स्थिति तीव्र फेलियर में थी और उन्हें बचाने का एकमात्र उपाय लीवर ट्रांसप्लांट था। इस सर्जरी के जरिए उनके जीवन को बचाना संभव हुआ और अब वे पूरी तरह से स्वस्थ हो चुके हैं।

### रायपुर कान्वेंट में सम्मान समारोह का आयोजन



रायपुर। रायपुर कान्वेंट में स्व. कन्हैयालाल कसार की 22वीं पुण्यतिथि पर एक भव्य समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उनका कुश्ती के प्रति महान योगदान और उनके व्यक्तित्व को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनका सपना था कि हर बच्चे को न्यूनतम शुल्क में अच्छी शिक्षा मिले, जिसे उन्होंने रायपुर कान्वेंट उच्चतर माध्यमिक शाला की स्थापना कर साकार किया। समारोह में कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया, जिनमें कौशल किशोर मिश्रा, जयंती भाई पटेल, सुषमा पंकज निर्मलकर, डॉ. हमीद खान और अन्य शामिल थे।

### ब्रांडेड गारमेंट्स एवं फुटवेयर की महासेल आज अंतिम दिन



रायपुर। राजधानी के होटल बेबीलॉन कैपिटल में ब्रांडेड गारमेंट्स और फुटवेयर की महासेल लगाई गई है, जिसका आज अंतिम दिन है। यदि आप अभी तक इस बिक्री में भाग नहीं ले पाए हैं तो यह आपके लिए एक सुनहरा मौका है। महासेल में 90% तक के डिस्काउंट की पेशकश की जा रही है, जिससे बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। बेंगलुरु के दो मॉल बंद होने के कारण इस ब्रांडेड माल को सीधे जनता को बेचा जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के कपड़े और फुटवेयर उपलब्ध हैं, जिनकी कीमतें 199 रुपए से शुरू हो रही है। इस महासेल में शर्ट, टी-शर्ट, ट्राउजर, जींस, कुर्ता-पजामा, वनपीस, लेगिंग्स और बच्चों के लिए विशेष परिधान शामिल हैं। इसके साथ ही घर के सजावटी सामान जैसे पर्दे, बेडशीट और अन्य वस्त्र भी बिक्री के लिए उपलब्ध हैं।

# फूड इंस्पेक्टर राशन के वितरण और बचत की जांच नहीं करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खाद्य संचालनालय ने राशन दुकानों के राशन वितरण की जानकारी के लिए फिर घोषणापत्र का विकल्प देते हुए अब राशन के वितरण और बचत की पुष्टि खाद्य निरीक्षकों से कराने का निर्णय लिया है। खाद्य संचालनालय ने महीने की 1 से 10 तारीख के बीच इसकी पूरी जानकारी देने का नया फरमान जारी किया है। खाद्य निरीक्षकों ने इस पर आपत्ति जताते हुए इसे मानने से इनकार किया है। उनका कहना है कि खाद्य संचालनालय राशन दुकान के संचालकों को सीधे ऑनलाइन राशन का आवंटन जारी करता है। दुकानों को ऑनलाइन वितरण करना होता है। पूरे मामले में संचालनालय अपनी गलती खाद्य निरीक्षकों पर थोपने का प्रयास कर रहा है। खाद्य निरीक्षक पूरे मामले को लेकर अब विभाग की एसीएस ऋचा शर्मा और सचिव से मिलेंगे।

- फिर दिया घोषणापत्र का विकल्प, खाद्य अफसरों ने किया विरोध

खाद्य विभाग में पिछली सरकार के समय हुए राशन दुकानों में राशन की बचत की जानकारी लिए बगैर दुकानों को राशन का आवंटन में घोटाले की जांच विधानसभा की समिति कर रही है। घोटाले का खुलासा न हो इसे लेकर पोर्टल से खाद्य संचालनालय के एक अधिकारी ने खाद्य विभाग के एनआईसी से तेरह हजार राशन दुकानों का घोषणापत्र गायब करवा दिया। 600 करोड़ के राशन बचत घोटाले को दबाने के लिए इसे तकनीकी त्रुटि बताया गया। एक हजार दुकानों के बचत स्टॉक में हेरफेर कर दिया गया है। प्रदेश की पांच हजार राशन दुकानें ऐसी हैं, जिनमें दो से पांच महीने का चावल, अतिरिक्त रूप से नियमों को ताक पर रखकर दिया गया और करोड़ों रुपये की कालाबाजारी का कारनामा हो गया। मामले में राशन दुकानों के विरुद्ध जांच भी नहीं कराई गई। मामले का न तो जांच प्रतिवेदन है, न ही कारण बताओ नोटिस दिया गया। खाद्य अधिकारी अथवा अनुविभागीय अधिकारी ने अंतिम निर्णय कर घोटाले किए गए चावल की मात्रा का आकलन किया। छत्तीसगढ़ सार्वजानिक वितरण प्रणाली आदेश के नियमों का पालन किए बगैर आरआरसी जारी कर दी गई है।



### अपने को बचाने में जुटे अफसर

संचालनालय का तर्क है कि घोषणापत्र नहीं दिखने से स्टॉक की जानकारी नहीं हो पाती। अतः फिर से घोषणापत्र का विकल्प दे रहे हैं। घोषणापत्र की पुष्टि के लिए खाद्य निरीक्षकों को पत्र देने कहा गया है। ऐसे में पूरा मामला अब विवादित हो गया है। संचालनालय ऐसी जानकारी मंगा कर सीधे तौर पर फूड इंस्पेक्टरों को जिम्मेदार ठहराने का प्रयास कर रहा है। खाद्य मामले की जांच कर रही विधानसभा की समिति ने घोषणापत्र पोर्टल से गायब करने की जिम्मेदारी तय करने में जुटा है। ऐसे में नया फरमान जारी कर संचालनालय के अफसर अपने को बचाने में जुटे हैं।

### संचालक ने नहीं किया निराकरण, अब एसीएस से मिलेंगे

मामले में स्टॉक वेरिफिकेशन और तकनीकी समस्या के संबंध में खाद्य निरीक्षक कई बार संचालनालय में ज्ञापन दे चुके हैं। संचालनालय ने अभी तक कोई निराकरण नहीं किया। खाद्य निरीक्षकों ने अब निर्णय लिया है कि इस संबंध में सीधे अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा और सचिव से मिलकर बात करेंगे और अपनी मांग रखेंगे। उनका सीधा आरोप है कि राशन का आवंटन सीधे दुकानों को होता है। वितरण भी उनके द्वारा ऑनलाइन किया जाता है, ऐसे में बचत की जानकारी भी उनसे सीधे ली जानी चाहिए। खाद्य निरीक्षकों से पुष्टि कराने का सवाल ही नहीं उठता।



Amit Furniture
CRAFTED WITH EXCELLENCE
अमित सेल्स लाया है
आपके लिए फर्नीचर भी
खास दिन, खास ऑफर्स
इस करवा चौथ घर सजाये प्यार
और स्टाइल से शानदार
ऑफर के साथ
अमित में ही है फायदा
नया स्टॉक उपलब्ध
100+ DINING SET RANGE
100+ CENTRE TABLE RANGE
50% OFF
फर्नीचर खरीदने से पहले
एक बार अमित सेल्स जरूर पधारें
*OFFER ON SELECTED BRANDS *T&C APPLY
आधुनिक फर्नीचर का विशाल संग्रह ● न्यू स्टॉक उपलब्ध
+ बेडरुम सेट + डाइनिंग सेट + आउटडोर फर्नीचर + स्टील अलमारी + सेंटर टेबल + सोफा सेट + रेकलाइनर + सोफा कम बेड + शो-केश + कस्टमाइज़्ड की सुविधा उपलब्ध
EASY FINANCE
सभी कार्ड धारको के लिए EMI की सुविधा उपलब्ध*
BAJAJ FINSERV HDFC BANK AXIS BANK Standard Chartered SBI card citi Bank of Baroda FEDERAL BANK kotak
नियम व शर्तें लागू*
एक समझदारी भरा फैसला संपूर्ण ख़ुशहाली
अमित सेल्स
संपर्क : 88199 00083, 99261 27001
आज शोरूम खुला रहेगा
फाफाडीह-स्टेट बैंक के पास, रायपुर
जी.ई.रोड-आयुर्वेदिक कॉलेज के सामने, रायपुर | श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर
Embassy




SONY
BRAVIA
CINEMA IS COMING HOME
Advanced AI
Powered by XR
S.S. Rajamouli
Celebrated Filmmaker
DIRECTOR
SPECIAL FESTIVE OFFERS*
3 YEARS WARRANTY*
*Applicable on select Models
INSTANT CASHBACK UP TO RS.25,000/-^
^Applicable on select Models
1 EMI FREE^
^Applicable on select Models
TV + SOUNDBAR COMBO OFFER
SAVE UPTO Rs.64,990/-*
BUY NOW AT Rs.2,995/-*
BRAVIA 9
Our brightest 4K ever
WINNER 2024 TV SHOOTOUT KING OF MINI LED TV**
SONY BRAVIA 9 Mini LED TV
SPECIAL OFFER* Buy now @ Rs.7,500/- per month
Soundbar Combo Offer Save up to Rs.64,990/-
XR Mini LED
XR Backlight Master Drive SONY PICTURES CORE Studio Calibrated IMAX ENHANCED
Available Sizes: • 216cm (85) • 189cm (75)
Range starts from Rs.4,49,990/-
BRAVIA 8
Aesthetic slimness, blends in beautifully
SPECIAL OFFER* Buy now @ Rs.5,500/- per month
Soundbar Combo Offer Save up to Rs.52,490/-
XR OLED
SONY PICTURES CORE Studio Calibrated IMAX ENHANCED Google TV
Available Sizes: • 164cm (65) • 139cm (55)
Range starts from Rs.2,19,990/-
BRAVIA 7
Perfectly balanced, entertains everyone brilliantly
SPECIAL OFFER* Buy now @ Rs.2,995/- per month
BRAVIA Theatre Combo @ Rs.5,995/- per month
GET BRAVIA 43S25 on purchase of BRAVIA 7
XR Mini LED
SONY PICTURES CORE IMAX ENHANCED Studio Calibrated Google TV
Available Sizes: 189cm (75) • 164cm (65) • 139cm (55)
Range starts from Rs.1,82,990/-
X90L | XR LED
Vibrant Contrast. Vivid Colours.
SPECIAL OFFER* Buy now @ Rs.2,995/- per month
Soundbar Combo Offer Save up to Rs.49,990/-
Google TV SONY PICTURES CORE IMAX ENHANCED Perfect for PlayStation®5
Available Sizes: • 189cm (75) • 164cm (65) • 139cm (55)
Range starts from Rs.1,24,990/-
BRAVIA 3
Rich Color, Immersive Sound
X1 4K HDR Processor
SPECIAL OFFER* Buy now @ Rs.2,995/- per month
BRAVIA Theatre Combo @ Rs.3,995/- per month
Google TV SONY PICTURES CORE Features for PlayStation®5
Available Sizes: • 215cm (85) • 189cm (75) • 164cm (65) • 139cm (55) • 126cm (50)
Range starts from Rs.83,990/-
BRAVIA 2
Wonderful World of 4K
X1 4K Processor
SPECIAL OFFER* Buy now @ Rs.1,849/- per month
BRAVIA Theatre Combo @ Rs.2,995/- per month
Google TV SONY PICTURES CORE Features for PlayStation®5 LIVE COLOR
Available Sizes: • 164cm (65) • 139cm (55) • 126cm (50) • 107cm (43)
Range starts from Rs.44,990/-
Finance offers powered by:
ATTRACTIVE CREDIT CARDS FINANCE OPTIONS*
ATTRACTIVE PAPER FINANCE OPTIONS*
pine labs Paytm ICICI Bank SBI card AMERICAN EXPRESS kotak YES BANK BOBCARD FEDERAL BANK HDFC BANK BAJAJ HDB HDFC BANK kotak TVS CREDIT
Regd. Office: Sony India Pvt. Ltd., A-18, Mohan Co-operative Indl. Estate, Mathura Road, New Delhi-110 044. Ph: 6600 6600 Fax: 26959141 Toll Free: 1800-103-7799 CIN No : U74899DL1994PTC062781. For corporate enquiries, please email at b2bindia@ap.sony.com
*Features & prices may vary for each product. For more details please visit: www.sony.co.in; Special Offers Applicable on select products in select cities for limited period only. For details of terms & Conditions on offers please visit https://www.sony.co.in/microsite/diwali2024/ BRAVIA 9 Award: The Annual TV Shootout evaluation event was created by Value Electronics and the TV Shootout name is a trademark owned by Value Electronics. King of TV® a registered trademark of Value Electronics
Scan to know more
Diwali Offers
एक समझदारी भरा फैसला संपूर्ण ख़ुशहाली
अमित सेल्स
फाफाडीह-स्टेट बैंक के पास, रायपुर 88199 00083
आज शोरूम खुला रहेगा
जी.ई.रोड-आयुर्वेदिक कॉलेज के सामने, रायपुर श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर



## लाइव इवेंट

### जैव विविधता के लिए प्रेरित करने कृषि विवि को स्पेशल जूरी अवार्ड



**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विवि को अनुसंधान, नवाचार एवं उद्यमिता विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए ''स्पेशल जूरी रिकगनिशन अवार्ड'' से सम्मानित किया गया है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय को यह सम्मान फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा प्रदान किया गया। आंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र नई दिल्ली में 18 व 19 अक्टूबर को 19वां उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन रखा गया था। यहां मुख्य अतिथि ब्रिटेन उच्चायुक्त लिण्डी केमरान ने कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल को यह सम्मान प्रदान किया गया। विवि में धान जननद्रव्य संरक्षण, जैव विविधता एवं संबंधित उत्पादों पर अनुसंधान तथा उत्पादों के उपभोग के प्रति आमजनों में जागरूकता लाने के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया है।

#### आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड से भी पहुंचे शिक्षाविद

उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन में देश-विदेश के ख्यातिप्राप्त शिक्षाविदों ने भाग लिया। आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, स्पेन तथा अफ्रीकी देश घाना के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवार्ड के लिए देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा जूरी के समक्ष अपने कार्यों का प्रदर्शन किया गया था, जिसमें जूरी ने अपना निर्णय देते हुये इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय को शिक्षा, अनुसंधान, प्रसार एवं उद्यमिता विकास के क्षेत्र में स्पेशल जूरी रिकगनिशन अवार्ड प्रदान किया गया।

## कैंपस इवेंट

### सरल स्टेप्स अपनाकर साइबर क्राइम से बच सकती हैं छात्राएं



**रायपुर।** डॉ.राधाबाई शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में आज कॅरियर गाइडेंस और प्लेसमेंट सेल द्वारा साइबर क्राइम पर एक वर्कशाप आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के विधि विभाग के छात्र-छात्राओं के सहयोग से इसका आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं को साइबर क्राइम एवं उससे बचने के उपाय बताए गए। विधि विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा बहुत ही रोचक तरीके से उदाहरण देकर साइबर क्राइम और उससे बचने के तरीके सुझाए गए। वर्कशॉप में बताया गया कि साइबर अपराध, कंप्यूटर, नेटवर्क या डिजिटल उपकरणों का इस्तेमाल करके की जाने वाली आपराधिक गतिविधियों को कहते हैं। साइबर अपराध कई तरह के होते हैं। हैकिंग, फिशिंग, पहचान की चोरी, वायरस डालना, किसी की जानकारी को ऑनलाइन प्राप्त करना सहित कई चीजें इसमें आती हैं।

#### अपडेट करते रहें डिवाइस और सॉफ्टवेयर

छात्राओं को साइबर अपराध से बचने के तरीके बताए गए। छात्राओं से कहा गया कि वे किसी विश्वसनीय नेटवर्क से खरीदारी या बैंकिंग करें। डिवाइस और सॉफ्टवेयर को नियमित रूप से अपडेट करें। संदेहास्पद ईमेल और लिंक से बचें। ऑनलाइन व्यक्तिगत जानकारी ना दें। साइबर अपराध का शिकार होने पर उठाए जाने वाले कदमों की भी जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने कहा, वित्तीय धोखाधड़ी होने पर बैंक या क्रेडिट कार्ड कंपनी को भी सूचित करना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.सीएल देवांगन, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.विनोद जोशी सहित अन्य विभागों के प्राध्यापक भी इसमें शामिल हुए।

## सिटी इवेंट

### शब्दों के बगैर एक तस्वीर ही बयां कर देती है पूरी कहानी



**रायपुर।** रायपुर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित 5 दिवसीय फोटो प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का शनिवार को समापन हो गया। समापन समारोह में 16 तस्वीरों को पुरस्कृत किया गया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने विजेता फोटो पत्रकारों को सम्मानित किया। प्रेस क्लब सदस्यों के लिए आयोजित यह फोटो प्रतियोगिता तीन कैटेगरी में आयोजित की गई थी। इसमें न्यूज, पर्यटन-संस्कृति और डेवलपमेंट कैटेगरी में 5-5 पुरस्कार दिए गए। प्रथम, द्वितीय, तृतीय में क्रमशः 21 हजार, 15 हजार और 11 हजार का इनाम रखा गया था। इसके अलावा प्रत्येक कैटेगरी में 5-5 हजार रुपये के 2-2 सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, एक अकेली फोटो पूरी कहानी बयां कर देती है। फोटो जर्नलिस्ट अक्सर अपनी जान जोखिम में डालकर खतरनाक और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में काम करते हैं।

#### प्रविष्टि में आई थी 98 तस्वीरें

रायपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल ठाकुर ने बताया, प्रतियोगिता में 33 पत्रकारों की 98 तस्वीरें आई थीं। इनमें से 16 सर्वश्रेष्ठ तस्वीरों को पुरस्कृत किया गया है। न्यूज वर्ग में भूपेश केशरवानी, दीपेंद्र सोनी और राजकुमार चतुर्वेदी को क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा तथा मनोज और विजय देवांगन को सांत्वना पुरस्कार मिला। पर्यटन एवं संस्कृति कैटेगरी में अरविंद सोनवानी, किशन लोखंडे, भूपेश केसरवानी को क्रमशः पहला, दूसरा, तीसरा तथा गोकुल सोनी व सागर परिकर को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। डेवलपमेंट (विकास) वर्ग में मनोज, भूपेश, राजकुमार चतुर्वेदी को पहला दूसरा और तीसरा तथा संतोष तिवारी और नरेंद्र बंगाले को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। रमन हलवाई को ओवरऑल कैटेगरी में 31 हजार रुपए से पुरस्कृत किया गया।

---

इस बार करवाचौथ पर गज केसरी योग बन रहा है। ऐसे में पूजन का दोगुना लाभ मिलेगा। साथ ही इस बार उच्च राशि का चंद्रमा होने से अक्षत सुहाग के शुभ मांगलिक योग हैं। वहीं, चंद्रोदय रविवार रात 07.56 बजे से होगा। कार्तिक माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन करवाचौथ का व्रत रखा जाता है। करवा चौथ व्रत पर दिनभर चंद्रमा अपनी उच्च राशि वृष में रहेंगे। व्रत के दिन चंद्रमा और बृहस्पति दोनों एक ही राशि (वृष) में आ जाएंगे। ऐसा होने से गज केसरी योग बनेगा, जो अपने आप में एक बहुत शुभाशुभ परिणाम देने वाला योग है।

रात्रि 7.56 बजे होगा चंद्रोदय, रविवार सुबह 6.46 बजे तक ही रहेगी भद्रा

# अपनी उच्च राशि में रहेगा चंद्रमा, बनेगा गज केसरी योग, यह अक्षत सुहाग के लिए शुभ

**रायपुर।** भद्रा काल 19 अक्टूबर को रात 8:14 बजे से शुरू होकर रविवार सुबह 6.46 बजे तक रहेगा। यानी भद्रा का साया केवल तृतीया तिथि में रहेगा। इसलिए इसका करवाचौथ पर कोई प्रभाव नहीं है। पंचांग के अनुसार, इस साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 20 अक्टूबर दिन रविवार को सुबह 6:46 बजे से शुरू होगी और यह तिथि 21 अक्टूबर को सुबह 4:16 मिनट तक रहेगी। ऐसे में उदया तिथि के मुताबिक, करवा चौथ का व्रत 20 अक्टूबर को रखा जाएगा। करवा चौथ के दिन पूजा का शुभ मुहूर्त 20 अक्टूबर की शाम 5:46 बजे से लेकर शाम 7:10 बजे तक रहेगा। इस समय पूजा करना बहुत ही शुभ रहेगा।



करवाचौथ आज

### सोलह श्रृंगार कर धरा दुल्हन का रूप



*जिंदगी ना मिलेगी दोबारा संस्था की महिलाओं द्वारा शनिवार को प्री करवा चौथ सेलिब्रेशन किया गया। यह आयोजन शहर स्थित अनुपम गार्डन में शाम 5 बजे से रखा गया। जहां शहर की 100 से अधिक महिलाएं उपस्थित रहीं। संस्था अध्यक्ष सुषमा तिवारी ने बताया, बीते 8 सालों से लगातार करवाचौथ के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस दौरान महिलाएं सोलह श्रृंगार में पहुंचती है। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता, सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता व गेम्स का आयोजन किया गया, जिसमें 50 से अधिक महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर प्रश्न-उत्तर प्रतियोगिता में चन्द्रसेना दीवान, दुर्गा साहू, आशा श्रीवास, नूतन शर्मा व शीला गोस्वामी विजेता रही। सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार निशा शर्मा ने हासिल किया, जो सोलह श्रृंगार कर दुल्हन की वेशभूषा में उपस्थित रही।*

### सिंगल पर्स की जगह पूरा सेट

कविता जैन ने बताया, दुकान में करवाचौथ के लिए कई वस्तुएं मौजूद हैं। इमसें अंगूठी, घड़ी,पर्स, मेकअप प्रोडक्ट, चुड़ी, टेडी बियर जैसी वस्तुएं अधिक हैं। न्यू मैरिड कपल गिफ्ट हैंपर की खरीदी अधिक कर रहे हैं। गिफ्ट हैंपर की शुरुआती कीमत हजार रुपए है, जिसे 4-5 हजार तक बनाया जाता है। सचिन चौहान ने बताया, करवाचौथ पर चूड़ी व कंगन की खरीदी अधिक संख्या में होती है। दुकान में 100 रुपए से लेकर 5000 रुपए तक चूड़ी व कंगन का सेट तैयार किया जात है। इस वर्ष हैवी राजवाड़ी व मारवाड़ी कंगन की डिमांड है, जो महिलाओं की पहली पसंद बनी। इसके अलावा दुकान में मेकअप बॉक्स व पर्स का सेट ट्रेंड में है, जो महिलाओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इमसें लोकप्रिय कंपनी के मेकअप प्रोडक्ट को शामिल किया गया है, जिसकी कीमत 3000-6000 रुपए तक है।

### राजवाड़ी व मारवाड़ी चूड़ियों से सजेगी कलाई

#### एक दिन पहले मेहंदी पार्लर में लंबी कतार

करवाचौथ से पहले बाजारों में रौनक देखने को मिली, जहां महिलाएं सुबह से ही खरीदारी करती नजर आईं। करवाचौथ पर सास अपनी बहू को सरगी देती है, जिसमें सुहाग के विभिन्न समान भी मौजूद होते हैं। सरगी सुबह 4 बजे से पहले खानी होती है। सरगी में खाने-पीने की चीजें, मिठाई, 16 श्रृंगार के सामान, पूजन सामग्री जैसी चीजें होती हैं। सरगी में फल, मिठाइयां, ड्रायफ्रूट को व्रत रखने वाली महिलाएं खाती हैं। अब पति भी पत्नी के लिए करवाचौथ पर उपहार लेते हैं, जिसमें वह मनपसंद वस्तुओं की खरीदी करते हैं। इस वर्ष शहर के गिफ्ट शॉप में करवाचौथ के लिए भी कई वस्तुएं नजर आईं, जिसमें श्रृंगार व रोजमर्रा की वस्तुएं शामिल रहीं। गिफ्ट हैंपर में लोग चॉकलेट के साथ मेकअप प्रोडक्ट भी कस्टमाइज रुप से तैयार कराते नजर आए। एक दुकान संचालिका गीता अग्रवाल ने बताया, वर्तमान में सरगी में विभिन्न श्रृंगार की वस्तुओं को शामिल किया जा रहा है, जिसे कस्टमाइज रुप से तैयार किया जाता है। इसमें साड़ी, चूड़ी, चुनरी, पूजा की थाल शामिल होती है। समान के अनुसार कीमत तय की जाती है। जिसमें शुरुआती कीमत 1500 रुपए है, जिसमें केवल पूजा की थाल व अन्य पूजन सामग्री होती है। मुख्य रुप से खरीदार डिजाइनर थाल गिफ्ट करना पसंद कर रहे हैं, जिसे कस्टमाइज रुप से तैयार कराया जा रहा है।



---



लाइव पोर्ट्रेट बनाने की प्रक्रिया सामान्य तस्वीर से अलग

# कलाकार को सही पहचान हो तो पेंटिंग के लिए नहीं होती अधिक रंगों की आवश्यकता

**रायपुर।** जीवंत तस्वीर तैयार करने के लिए अच्छे मनोभाव का होना जरुरी है। तस्वीर का निर्माण करना अपने आप में खास होता है। एक कलाकार जब किसी कला का निर्माण करता है, तो उसके देखने का नजरिया ही तस्वीर को आकर्षक बनाता है। ऐसा ही एक नजारा नालंदा परिसर में देखने को मिला। जहां एक दिवसीय लाइव पोर्ट्रेट डेमोंस्ट्रेशन का आयोजन छपाक आर्ट इंस्टिट्यूट द्वारा किया गया। इस दौरान इंस्टिट्यूट के छात्रों ने लाइव पोर्ट्रेट तैयार करने की कला को बारिकी से समझा। कलाकार प्रमोद साहू ने बताया, किसी भी जीवंत तस्वीर को तैयार करने के तीन मुख्य नियम हैं। पहला ब्लॉक मेथड, जिसमें आप किसी व्यक्ति या मॉडल के ब्लॉक को समझते हैं। दूसरा कैरेक्टर और तीसरा एंट्रोलोमिस मेथड होता है। इन दोनों मेथड में तस्वीर निर्माण की प्रक्रिया शामिल होती है। जिसमें ब्लॉक तैयार करने के बाद डार्क कलर से निश्चित तस्वीर का बाहरी स्ट्रक्चर तैयार किया जाता है। अंत में पेंटिंग करने का कार्य बचता है, जिसमें लिए रंगों की सही पहचान जरुरी है। सही रंगों की परख से कम कलर होने पर भी शानदार पेंटिंग तैयार की जा सकती है।



#### व्यक्ति की वास्तविक पहचान को उकेरने का जरिया

छात्रों को बताया गया कि लाइव पोर्ट्रेट एक कला शैली है। जिसमें कलाकार किसी व्यक्ति के सामने बैठकर उसकी सजीव छवि बनाता है। इस प्रक्रिया में कलाकार व्यक्ति के चेहरे के हाव-भाव, भावनाएं और बारीकियों को ध्यान से देखते हुए कागज पर उतारता है। लाइव पोर्ट्रेट बनाते समय कलाकार व्यक्ति की वास्तविक पहचान और अभिव्यक्ति को चित्र में उतारने का प्रयास करता है, जिससे वह चित्र जीवंत प्रतीत होती है। इस तरह की तस्वीर समान्य से थोड़ा कठिन होती है, इसमें व्यक्ति के हाव-भाव को तस्वीर में दर्शाना सामान्य तस्वीर से अलग होता है।

# यज्ञ के धुएं में खास तरह की गंध वायरस को मारने में यह मददगार

**रायपुर।** चंदन आदि से निकलने वाले धुएं से चर्म रोगों से बचाव होता है। यज्ञ का धुआं वायुमंडल को शुद्ध करता है। आम की लकड़ी से बनने वाले धुएं में फ़ॉर्मिक एल्डिहाइड नामक गैस होती है, जो हानिकारक जीवाणुओं को नष्ट करती है। ये बातें ब्रह्मा यज्ञाचार्य कमल नारायण ने कही। वे स्वर्ण भूमि में आयोजित हो रहे यजुर्वेद पारायण महायज्ञ के लिए भूमि पूजन में भक्तों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया, इस यज्ञ में यजुर्वेद के 1975 मंत्रों का पाठ और 21000 आहुतियां दी जाएगी। यज्ञ के धुएं में एक खास तरह की गंध होती है, जो वायरस को मारने मदद करती है। इसी वजह से मच्छरों से बचने के लिए कई दवाएं और अगरबत्तियां बनाई जाती हैं।



#### दूसरों को बांटने वाला बन जाता है धनी

वेद कथाकार गुरुकुल प्रभात आश्रम मेरठ के स्नातक आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि वेद का मंत्र कहता है जो अकेला खाता है वह पाप खाता है। देवताओं का विचार है कि जो मेरा है, वह भी तेरा है और जो तेरा है, वह भी तेरा है। सामान्य व्यक्ति का विचार है, जो मेरा है वह मेरा है, जो तेरा है वह तेरा है। वेद संदेश देता है कि दूसरों को बांटने वाला धनी बन जाता है। महर्षि दयानंद कहते हैं कि जिस घर में सब मिलकर रहते हैं, ईश्वर का नाम लेते हैं, जहां सेवक आज्ञा का पालन करते हैं, पत्नी प्रिय बोलने वाली है वही घर धन्य है। जीते जी स्वर्ग में रहो।

---

कार्नर न्यूज

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज ने रायपुर राज में बनाए 51 वोटिंग बूथ

# राज प्रधान व केंद्रीय अध्यक्ष चुनने 670 बूथ पर मनवा कुर्मी समाज करेगा मतदान, वोटों की गिनती आज, नतीजे कल

**रायपुर।** तीन साल के लिए प्रदेश में होने वाले छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की चुनावी सरगर्मी सुबह 8 बजे से लेकर दोपहर तीन बजे तक रविवार को रायपुर राज के 51 बूथों पर रहने वाली है। तय सात राज के चुनाव में सिर्फ 6 सीट पर ही प्रत्याशियों में जोर-आजमाइश होने वाली है, क्योंकि दुर्ग में एक ही प्रत्याशी होने से वह सीट निर्विरोध है। 6 सीटों के लिए राज प्रधान चुनने 670 मतदान केन्द्र तय है। करीब 1.43 लाख समाज के मतदाता राज प्रधान और केन्द्रीय अध्यक्ष चुनने के लिए अंतिम मुहर लगाएंगे। वहीं 2 हजार 680 अधिकारी-कर्माचारी चुनाव ड्यूटी में तैयार रहेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ऋषि वर्मा ने बताया कि रायपुर, धरसींवा, पाटन, दुर्ग, धमधा, तिल्दा, अर्जुनी,चंदखुरी, पलारी, बलौदाबाजार राज प्रधान के साथ केन्द्रीय अध्यक्ष चुनाने के लिए भी समाज के लोग मतदान करेंगे। इसके साथ ही राज प्रधान के 6 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इनमें एक महिला उम्मीदवार शामिल है। 6 राज में होने वाले प्रधान चुनाव के लिए इस बार 14 प्रत्याशियों ने अपने-अपने क्षेत्र का राज प्रधान बनने के लिए समाज के बीच जनसंपर्क किया। अब रविवार को होने वाले मतदान के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। वहां मतदान के लिए आने वाले लोगों के लिए बिजली, पंखा, पानी और सुरक्षा के साथ ही मतदान केन्द्र परिसर में सुरक्षा इंजताम भी रहेगा।



#### सुबह 8 से 3 बजे तक मतदान

रायपुर राज में 51 जगह मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जहां समाज के मतदाता वोटिंग करते हुए समाज की कमान चुनिंदा प्रत्याशी को देने के लिए सुबह 8 से दोपहर 3 बजे तक मतदान करेंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि 3.30 बजे से वोटों की गिनती शुरू होगी। इसका परिणाण 21 अक्टूबर को नरदहा स्थित समाज के केन्द्रीय निर्वाचन कार्यालय में घोषित किया जाएगा। इसी दिन सात राज प्रधान और एक केन्द्रीय अध्यक्ष के चुनावी विजेता को दोपहर 3 से 4 बजे के बीच समाज के संरक्षक गोपनियता की शपथ भी दिलाएंगे। इस आयोजन को नरदहा में अन्य चुनाव की तरह किया जाएगा।

#### मतदान केन्द्रों में पुख्ता इंतजाम



हर बार की तरह समाज के चुनाव में भी मतदाताओं में उत्साह है। समाज के सदस्यता अभियान भी लोगों ने एकजुट होकर भाग लिया। जिन्होंने सदस्यता ली है, वे ही मतदान कर सकते हैं। मतदान के दिन ही देर रात तक मतों की गिनती की जाएगी। मतदाताओं के लिए समाज द्वारा स्वीकार पहचान पत्रों की सूची जारी की गई है। इनमें से किसी एक पहचान पत्र को लेकर वोटर्स को आना होगा। इसके बगैर उन्हें वोट डालने की अनुमति नहीं होगी। दूसरी तरफ मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी, मतदान की गोपनियता का पालन करने के लिए भी इंतजाम किया गया है।

#### प्रचार में सोशल मीडिया हावी

वहीं दूसरी ओर प्रत्याशियों ने अपने स्तर पर प्रचार के लिए इस बार भी सोशल मीडिया का जमकर उपयोग किया। जहां तक दौड़-भाग करते बना, सभी प्रत्याशियों ने किया। लोगों ने किन्हें चुना, इसका निर्णय कल आएगा। सामाजिक संगठन को मजबूत करने से लेकर समाज के विकास सहित कई तरह के वादे प्रत्याशियों ने किए हैं। सोशल मीडिया के साथ जनसंपर्क भी प्रभावी रहा है। इसका कितना असर समाज के लोगों पर पड़ा है, इसका फैसला मतदान के दूसरे दिन यानी सोमवार को होगा।

# कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन आज, हर बूथ से दस होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा के साथ कांग्रेस भी तैयारियों में जुट गई है। कांग्रेस ने रविवार को कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया है। बताया जाता है कि इसके एक-दो दिनों के भीतर प्रत्याशी का नाम जारी कर दिया जाएगा। दावेदारों के नामों को लेकर चुनाव समिति की बैठक जल्द होगी।

■ एक-दो दिन में तय होंगे प्रत्याशी

कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी के वरिष्ठ नेता कार्यकर्ताओं और प्रभारियों से फीडबैक लेंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश प्रभारी तीनों नए प्रभारी सचिव एसए संपत कुमार, जरिता लैतफलांग और विजय जांगिड़, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज समेत वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट का कार्यक्रम अभी तय नहीं हुआ है। कार्यकर्ता सम्मेलन के दक्षिण विधानसभा के अंतर्गत आने वाले 253 बूथ के बूथ अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेताओं से कहा गया है कि हर बूथ से 10 कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे, इसके लिए वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी भी दी गई।




## आलाकमान करेगा प्रत्याशी का फैसला

पार्टी से जुड़े नेताओं का कहना है कि प्रत्याशी चयन के लिए एक-दो दिनों में ही गतिविधियां शुरू हो जाएंगी। संगठन अपनी तरफ से पूरी तैयारी के साथ दावेदारों की सूची प्रदेश चुनाव समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगा। पहली बैठक में ही आम सहमति बनाकर पैनल सीधे शीर्ष नेतृत्व के पास भेजा जाएगा। पार्टी इस बार जमीनी स्तर से जुड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं पर भरोसा जता रही है। यही कारण है कि बूथ, सेक्टर, जोन और वार्ड कमेटियों में जवाबदारी दी गई है।

## आशीर्वाद भवन में होगा आयोजन

दक्षिण विधानसभा के कार्यकर्ताओं के सम्मेलन का आयोजन दोपहर 12 बजे से लेकर 4 बजे तक आशीर्वाद भवन होगा। आयोजन को लेकर जिला शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से तैयारी की गई है। शहर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता इसमें शामिल होंगे। कार्यकर्ताओं को चुनाव में सक्रिय करने और उन्हें प्रोत्साहित करेंगे।

## पेज 11 के शेष

### हत्या, फिरौती, मारपीट जैसे...

में पेश किया गया, तो वकील ने अमन से नामांकन फार्म में दस्ताखत कराया। अमन ने झारखंड हाईकोर्ट से चुनाव लड़ने अवेदन दाखिल किया है। कोर्ट के आदेश पर अमन को 28 अक्टूबर तक न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है। राजधानी के तेलीबांधा थाना क्षेत्र में जुलाई में हुए शूट आउट तथा गंज थाना क्षेत्र मामला में झारखंड के गिरडीह जेल में बंद अमन को पुलिस प्रोटेक्शन वारंट में गिरफ्तार कर 14 अक्टूबर को रायपुर लाई थी। कोर्ट ने अमन से पूछताछ करने पांच दिनों की रिमांड स्वीकृत की थी। शनिवार को रिमांड समाप्त होने पर पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया है। पुलिस के अनुसार जरूरत पड़ने पर अमन से पूछताछ करने कोर्ट में आवेदन पेश किया जाएगा।

### जेलर पर प्राण घातक...

रंगदारी वसूलने का काम करता है। अमन पर गिरडीह जेल के जेलर पर जानलेवा हमला कराने का आरोप है।

### एनएचएआई तीन...

(एनएचएआई) के प्रस्तावित ग्रेड सेपरेटर फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण होगा। इससे शहर की भीड़ में फंसने के बजाय लोग ओवरब्रिज और फ्लाई ओवरब्रिज के जरिए एक छोर से दूसरे छोर तक पहुंचेंगे। अभी इस सुविधा को मिलने में हालांकि समय लगने वाला है, लेकिन राहत को लेकर लोगों की उम्मीद बढ़ी है।

**बचेगा समय और ईंधन की खपत :** शहर में चिन्हित स्थानों पर ग्रेड सेपरेटर फ्लाईओवर बनने से यातायात का दबाव कम होगा। लोगों को काफी राहत मिलेगी व साथ ही ईंधन और समय की बचत भी होगी। एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री से मिली सहमति के बाद एनएचएआई की ओर से रायपुर के रिंग रोड 01 से तेलीबांधा चौक, उद्योग भवन और सरोना चौक को ग्रेड सेपरेटर निर्माण के लिए प्राथमिकता में रखा गया है। निर्माण पूरा होने से शहर ही नहीं, आउटर के लोगों को भी राहत मिलेगी।

### धरना-प्रदर्शन पर अस्थाई...

करने वाले संगठनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बाहर से धरना प्रदर्शन के सिलसिले में धरनास्थल पहुंचने वाली महिला कर्मचारियों को इससे बेहद असुविधा हो रही थी। धरनास्थल पर भारी अव्यवस्था के कारण शासन प्रशासन की काफी किरकिरी भी हुई। इसे देखते हुए एनआरडीए से धरनास्थल का रिनोवेशन कराने पत्राचार किया गया। जवाब में एनआरडीए ने वहां रिनोवेशन कराने धरनास्थल को खाली करवाने जिला प्रशासन से आग्रह किया। एसडीएम की ओर से आदर्श आचार संहिता और धरनास्थल पर निर्माण कार्य को ध्यान में रखते हुए सर्व संगठन प्रमुख को तत्काल धरना प्रदर्शन समाप्त कर धरनास्थल खाली कराने निर्देश दिया गया है।


### आम सूचना का खंडन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधिवक्ता श्री अश्वनी कुमार राव पता प्रथम तल कमरा नंबर 110, टेबल नंबर 14, सिविल कोर्ट, रायपुर छ.ग. के द्वारा दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि मे दिनांक 15.10.2024 को अपने अनाम पक्षकार की ओर से ग्राम खुड़मुड़ा प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. अमलेश्वर, तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 150 रकबा 0.8100 हे. भूमि के संबंध में आम सूचना का प्रकाशन कराया गया था।

उक्त आम सूचना का मैं अपने पक्षकार की ओर से खंडन करता हूँ की उपर उल्लेखित भूमि का सौदा मेरे पक्षकार श्री रोहन सोनकर पिता रामचरण सोनकर, श्रीकांत सोनकर पिता श्री मानखनलाल सोनकर एवं श्री रितेश सोनकर स्व. जीवराखन लाल सोनकर के पक्ष में मूल भूमिस्वामी श्री जगन्नाथ सोनी पिता मुन्ना लाल सोनी निवासी सदर बाजार रायपुर के द्वारा पूर्व में किया गया है व उक्त सौदे के पेटे ब्याना राशि मेरे पक्षकार के द्वारा मूल भूमिस्वामी श्री जगन्नाथ सोनी को प्रदान किया जा चुका है उक्त सौदा अभी वर्तमान में प्रभावशील है व अस्तित्व मे है ऐसे में उक्त भूमि का मेरे पक्षकार के अलावा किसी अन्य के साथ कोई सौदा हुआ ही नही उक्त संबंध में प्रकाशित आम सूचना मिथ्या एवं भ्रामक है जो मेरे पक्षकार पर एवं भूमिस्वामी पर बंधनकारी नही है।

अतः आपके कथित पक्षकार एवं समस्त व्यक्ति संस्था निकाय आदी को सूचित किया जाता है की उक्त भूमि के संबंध में कोई भी संव्यवहार न करे यदि किसी आपके पक्षकार एवं किसी व्यक्ति के द्वारा उक्त भूमि के संबंध मे कोई भी संव्यवहार किया जाता है तो उसे उक्त भूमि में कोई हक एवं अधिकार की प्राप्ति नही होगी एवं उक्त अंतरण विलेख प्रारंभतयः शून्य एंव निष्प्रभावी दस्तावेज होगा जो मेरे पक्षकार एवं किसी पर भी बंधनकारी नही होगा।

अतः ताकीद जाने।

रायपुर
दिनांक 19.10.2024

आपका विश्वसनीय
योगेश महोबिया, शशीकांत
महोबिया अधिवक्तागण
लिलि चौक, पुरानी, बस्ती,
रायपुर छ.ग. मो. 9827400720


## चितवन वृद्धाश्रम परिवार की वर्षगांठ पर आयोजन

रायपुर। चितवन वृद्धाश्रम परिवार द्वारा 23 अक्टूबर 10वीं वर्षगांठ मनाने की तैयारी है। कार्यक्रम का आयोजन सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में शाम 6 बजे से होगा, जहां वृद्धाश्रम के सभी सदस्य मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।


## APPOINTMENTS

### RUNGTA COLLEGE OF DENTAL SCIENCES AND RESEARCH

KOHKA-KURUD ROAD, BHILAI (C.G.)
Approved by Dental Council of India &
Affiliated to Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Sciences &
Ayush University of Chhattisgarh, Raipur

**APPLICATION ARE INVITED FOR FOLLOWING POSTS UNDER STATUE-16**

| Sl. No. | Name and No. of the post | | Qualification and Experience As per DCI Norms |
|---|---|---|---|
| 1. | Professor:- | | |
| | Conservative Dentistry & Endodontics | 01 | Post Graduate qualification with 5 years Teaching experience as Reader |
| | Orthodontics & Dentofacial Orthopaedics | 01 | |
| | Oral & Maxillofacial Surgery | 01 | |
| | Oral Medicine and Radiology | 01 | |
| | Paediatric and Preventive Dentistry | 02 | |
| 2. | Reader:- | | |
| | Prosthodontics and Crown & Bridge | 04 | Post Graduate qualification with 4 years Teaching experience after Post-Graduation. |
| | Conservative Dentistry & Endodontics | 04 | |
| | Orthodontics & Dentofacial Orthopaedics | 02 | |
| | Oral & Maxillofacial Surgery | 02 | |
| | Oral Pathology & Oral Microbiolgy | 01 | |
| | Oral Medicine and Radiology | 01 | |
| | Paediatrics and Preventive Dentistry | 02 | |
| | Public Health Dentistry | 02 | |
| 3. | Lecturer:- | | |
| | Prosthodontics and Crown & Bridge | 05 | A recognised MDS Degree of an Indian University / Diplomate of National Board or an equivalent qualification. |
| | Conservative Dentistry & Endodontics | 06 | |
| | Orthodontics & Dentofacial Orthopaedics | 03 | |
| | Periodontology | 04 | |
| | Oral & Maxillofacial Surgery | 02 | |
| | Oral Pathology & Oral Microbiolgy | 03 | |
| | Oral Medicine and Radiology | 03 | |
| | Paediatrics and Preventive Dentistry | 05 | |
| | Public Health Dentistry | 03 | |

√ **Other Terms & Conditions:-**
1. Teaching Experience & Age Limit : As per Council Norms
2. Pay Scale : State Govt. Pay Scale
3. Reservation : As per State Government Norms

√ **Selection Criteria:-** Selection will decide on merit. Merit list will be prepared on the basis of Academic Marks, Educational Qualification, Interview, Experience and Academic contribution of candidate in various field like -
- Number of paper publications in various National / International Journals.
- Paper presentation in conferences.
- Total No. of conferences attended.

√ **Last date of receipt of Application:** Within 15 days from the date of publication of advertisement.


### बिजनेस साइट

## बैलेंस्ड एडवांटेज फंड - बाजार की अस्थिरता के प्रति एक प्रभावशाली दृष्टिकोण

**रायपुर।** रवि हमेशा से ही एक सतर्क निवेशक रहे हैं, उन्होंने अपना पैसा फिक्स्ड डिपॉजिट और बॉन्ड में रखा है। लेकिन मुद्रास्फीति ने उनके रिटर्न को खत्म कर दिया, इसलिए उन्होंने इक्विटी बाजारों में निवेश करने का फैसला किया। हालांकि, उनकी दुविधा समय की थी बाजार अस्थिर थे, और वह अपनी मेहनत की कमाई को खोना नहीं चाहते थे । फिर, उनके वित्तीय सलाहकार ने बैलेंस्ड एडवांटेज फंड में निवेश का सुझाव दिया, जो कि ऐसी स्कीम्स हैं जो बाजार की स्थितियों के अनुसार इक्विटी और डेट जोखिम को ऑटोमैटिक तौर पर एडजस्ट करके मन की शांति का वादा करती हैं।



संदीप हार्दिकर
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, रायपुर

**बैलेंस्ड एडवांटेज फंड्स क्या हैं?** - बीएएफ एक प्रकार का हाइब्रिड म्यूचुअल फंड है जो बाजार की स्थितियों के आधार पर इक्विटी और डेट के बीच प्रभावशाली तौर बदलता रहता है । वे ₹कम दरों पर खरीदें, अधिक पर बेचें₹ के सिद्धांत का पालन करते हैं, जिससे निवेशकों को जोखिम का प्रबंधन करते हुए अस्थिर बाजारों में निवेशित रहने की अनुमति मिलती है। फंड मैनेजर इक्विटी में जोखिम को बढ़ाने या घटाने के बारे में डेटा - संचालित निर्णय लेने के लिए इन-हाउस मॉडल, जैसे कि प्राइस -टू-बुक वैल्यू (पी/ बीवी) और इसी तरह का उपयोग करता है।

**इन फायदों पर विचार करें-** बीएएफ के मुख्य लाभों में से एक यह है कि वे लालच और भय जैसी भावनात्मक बाधाओं को दूर करते हैं, जो अक्सर निवेशकों को बाजार के टॉप पर पहुंचने पर खरीदने और बेहद मंदी के दौरान बेचने के लिए प्रेरित करते हैं। फंड आवंटन को प्रभावशाली तौर पर एडजस्ट करके, बीएएफ का उद्देश्य निवेश यात्रा को सुचारू बनाना और समय के साथ अधिक स्थिर रिटर्न प्रदान करना है ।

**क्या आपको निवेश करना चाहिए?** - बीएएफ मध्यम से उच्च वृद्धि चाहने वाले निवेशकों के लिए आदर्श हैं, लेकिन जो बाजार की अस्थिरता से सावधान हैं। यदि आप ऐसे व्यक्ति हैं जो इक्विटी में निवेश करना चाहते हैं, लेकिन शुद्ध इक्विटी फंड से जुड़े अत्यधिक जोखिम के बिना, बीएएफ एक बैलेंस्ड दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। इसके अलावा, वे सेवानिवृत्त लोगों के लिए एक अच्छा विकल्प हो सकते हैं जो अपनी एसेट्स जो अपनी एसेट्स बढ़ाते हुए भी पूंजी को सुरक्षित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसे फंड का विचार पसंद है जो अनुमान लगाने की प्रक्रिया को खत्म कर सकता है और आपके निवेश को बाजार के रुझानों के अनुरूप बनाए रख सकता है, तो बीएएफ का चयन करें। ऐसे में इस वर्ग में एक ऐसा बीएएफ जिसका अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड है, वह है आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल बैलेंस्ड एडवांटेज फंड । 60,000 करोड़ रुपये से अधिक के एयूएम - एसेट अंडर मैनेजमेंट के साथ, यह फंड इस श्रेणी में सबसे बड़ा और सबसे पुराना फंड है। 30 सितंबर, 2024 तक फंड ने एक वर्ष के आधार पर 23.59 प्रतिशत का काफी अच्छा और मजबूत रिटर्न और तीन साल और पांच साल के आधार पर क्रमशः 13.75 प्रतिशत और 14.37 प्रतिशत का सीएजीआर रिटर्न दिया। ये निवेश के लिए एक काफी बेहतर विकल्प है।


### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकारगण ने विक्रेतागण (1) मो. शौकत अली (2) मोहम्मद कादिर (3) मो. रफीक अशरफी, (4) मो. इस्माईल एवं (5) मो. मुनब्बर हुसैन सभी पिता कासम अली, सभी निवासी आरंग, रायपुर छ.ग. के आधिपत्य व स्वामित्व की ग्राम बैहार (आरंग शहर) प.ह.नं. 30 रा.नि.म. आरंग तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 180 रकबा 0.580 हे, खसरा नं. 181 रकबा 0.380 हे., कुल रकबा 0.940 है, को विक्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याना प्राप्त कर लिया है। विक्रय पंजीयन शेष है पूर्व में दिनांक 02/09/2024 को विभिन्न समाचार पत्रों में सूचना पत्र प्रकाशित किया गया था।

विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि विक्रेतागण उक्त भूमि का अन्य व्यक्ति से सौदा करना चाह रहे है, चूंकि मेरे पक्षकारगण के द्वारा सौदा पेठे ब्याना देकर इकरारनामा निष्पादित कर दिया गया है. इसलिए इस आम सूचना के माध्यम से सूचित करता हूँ कि, उक्त भूमि का कोई भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आति विक्रेतागण से संव्यवहार ना करें यदि ऐसा किसी व्यक्ति द्वारा किया जाता है तो उसकी जिम्मेदारी सौदा करने वाले की होगी।

दिनांक- 19/10/2024

भवदीय
मनोज पराशर (अधिवक्ता)
मो.- 98261-50853








## खबर संक्षेप

### पालक और शिक्षकों की हुई बैठक



**रायपुर।** आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय त्रिमूर्ति नगर में शनिवार को तिमाही परीक्षा के बाद पालक और शिक्षक बैठक हुई, जिसमें पहली से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के पालकों को बुलाया गया था। 197 पालक उपस्थित हुए और उनको छात्र-छात्राओं की उत्तरपुस्तिका, परिणाम अवलोकन कराया गया, जिसमें अपने पाल्य की उत्तरपुस्तिका में प्राप्तांक पर चर्चा की गई। प्राचार्य कीर्ति सोनी द्वारा सभी पालकों को छात्र-छात्राओं के अध्ययन के लिए उचित मार्गदर्शन दिया गया व शिक्षकों और छात्रों के मध्य समन्वय स्थापित करने की बात कही। यहां पीटीएम विद्यालय के प्राचार्य की अध्यक्षता में अन्य शालेय वरिष्ठ शिक्षक उपस्थित थे।

### एकल एक्सपो का उद्घाटन कल

**रायपुर।** वनबंधु परिषद महिला समिति रायपुर चैप्टर द्वारा समता कॉलोनी स्थित खाटू श्याम मंदिर परिसर में दो दिवसीय 21 व 22 अक्टूबर तक एकल एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि एक्सपो का उद्घाटन मीना अरुण साव द्वारा किया जाएगा। शनिवार को उन्होंने कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भी किया। संगठन का मुख्य उद्देश्य गांव की अर्थ व्यवस्था सुधारना, रोजगार एवं स्वास्थ्य उपलब्ध कराना, वनवासियों को शिक्षित करना है। इसी कड़ी में महिला समिति द्वारा वनयात्रा भी की जाती है और सुनिश्चित किया जाता है कि समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक इन सभी सुविधाओं का लाभ पहुंचे।

# ट्रेनों में हर दिन आधा दर्जन यात्रियों की बिगड़ रही तबीयत, टीटीई जरूरी दवा देकर कर रहे मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे प्रशासन ने ट्रेन में चलने वाले टीटीई को आवश्यक दवा उपलब्ध करवाई है, जिसका लाभ अब यात्रियों को मिलने लगा है। मौसम के बदलने से ट्रेनों में यात्रियों की तबीयत बिगड़ने की शिकायत इन दिनों बढ़ गई है, जो रेलवे के लिए चिंता का विषय बन गया है। वर्तमान में बिलासपुर व रायपुर मंडल के टीटीई हर दिन यात्रियों को सर्दी, बुखार और जुकाम की आवश्यक दवा देकर उनकी मदद कर रहे हैं। ट्रेन में ही यात्रियों को तत्काल मदद मिल रही है। दिनभर में रायपुर से गुजरने वाली 20 से अधिक लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्री रेलवे डॉक्टर व टीटीई की मदद ले रहे हैं। कुछ डाक्टरों व स्टॉफ की नियमित ड्यूटी स्टेशन पर रखी गई है, ताकि यात्रियों को मौके पर मदद मिल सके। रेलवे डॉक्टरों का कहना है कि सामान्य दिनों में दवा के लिए मदद मांगी जाती थी। इन दिनों गर्म पानी और दवा के साथ परामर्श भी डॉक्टरों से ट्रेन में लिया जा रहा है। दिन में धूप तेज लग रही है, तो रात होते ही हवा ठंडी लगने लगी है। ऐसे में ट्रेन में लंबा सफर करने वाले यात्री ज्यादा बीमार पड़ रहे हैं। ट्रेन में यात्रा के दौरान हर दिन 6 से 8 यात्रियों की जांच रेलवे के डाक्टरों द्वारा की जा रही है। स्टेशन परिसर में 108 और डॉक्टर की टीम 24 घंटे उपस्थित रहती है।

**मुंबई और दिल्ली की ट्रेनों मे शिकायत :** रायपुर में मुंबई और दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में तबीयत बिगड़ने की शिकायतें मिल रही हैं। यात्री ट्विट व टीटीई की मदद से दवा व डॉक्टर ट्रेन में बुला रहे हैं। रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर में यात्री के बीमार होने की सूचना ट्रेन के सीटीआई या टीटीई के जरिए कंट्रोलरूम और वहां से स्टेशन प्रबंधक तक पहुंच रही है।

**खास बातें**

- मौसम के बदलने से ट्रेनों में बढ़ी सर्दी, बुखार और जुकाम की शिकायत
- दिल्ली और मुंबई की ट्रेनों में मिल रही अधिक शिकायत
- दिन में गर्मी और रात को ठंड पड़ने से बिगड़ रही यात्रियों की सेहत



### आवश्यक दवा रखने का निर्देश

रेलवे स्टेशनों में दवा दुकान खोलने की योजना अभी तक सभी स्टेशनों में लागू नहीं हो पाई है। शिकायत को ध्यान रखते हुए यात्रियों के जांच और आवश्यक दवाएं रखने का निर्देश दिया है। बिलासपुर में इन दिनों डाक्टरों की एक टीम को आवश्यक दवाइयों के साथ स्टेशन परिसर में ही रहने कहा गया है, ताकि बार-बार नहीं आना पड़े। किसी-किसी दिन ऐसा भी होता है कि किसी भी ट्रेन में कोई मरीज नहीं होता।

# सरकार को बताएंगे सड़क बिजली, पानी से जुड़ी समस्या लोगों को मिलेगी सुविधा

**रायपुर।** बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य सहित जन अधिकार से जुड़ी सुविधा दिलाने के लिए प्रदेशभर में काम करने और जन अधिकार दिलाने के लिए जन अधिकार मोर्चा अब काम करने वाला है। सरकार को विभिन्न क्षेत्र की जन सरोकार से जुड़ी समस्या और हो रही परेशानी को दूर करने के लिए आग्रह करने के साथ ही उसे पूरा कराने में सहयोग किया जाएगा। कुछ इसी तरह का निर्णय जन अधिकार मोर्चा ने आज पहली राज्य स्तरीय बैठक में लिया है। जन अधिकार मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रिका सिंह ने शनिवार को प्रेसवर्ता में बताया गया कि जन अधिकार मोर्चा ने प्रथम राज्य स्तरीय बैठक लेने के बाद कई बिन्दुओं पर मिले सुझाव को सहमति दी है। इनमें शोषण के खिलाफ आवाज उठाना, कानून व्यवस्था बनाने में शासन प्रशासन का मदत करना। लोकतंत्र के आदर्श रूप का पालन करना प्रमुख है। प्रदेश प्रभारी कर्मवीर सिंह जादौन, संयोजक जाहिद अहमद कुमार टोप्पो, कृष्ण कुमार साहू ने बताया कि कुछ समस्याएं प्रमुख रूप से ध्यान में लाई गई हैं। इनमें प्रदेश के भीतर लगभग सभी जिलों में जानवरो को सड़क पर छोड़ा जा रहा है। इसके कारण फसल नष्ट होते है। दूसरी तरफ एक्सीडेन्ट की सम्भावना ज्यादा बढ़ गई है।

- राज्य स्तरीय बैठक में लिए निर्णय को किया साझा

### बस्तर संभाग के सातों जिलों में बाइकर्स देंगे पैगाम

# शांति संदेश बाइक रैली में शामिल होने आज 100 बाइक राइडर्स होंगे रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राइड फ़ॉर पीस बाइक रैली में शामिल होने के लिए राजधानी से 100 से अधिक युवा बाइक राइडर्स बस्तर के लिए रवाना होंगे। रैली में शामिल होने वाले लोग बस्तर संभाग के सातों जिले में नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति देते हुए शांति का पैगाम भी देंगे। इस बाइक रैली में सर्व धर्म, सर्व समाज के लोग शामिल हो रहे हैं। इसके लिए 20 अक्टूबर की सुबह रायपुर से रवाना होकर 25 अक्टूबर को शाम तक वापस आएंगे। इससे पहले शनिवार को सभी बाइक राइडर्स की स्वास्थ्य जांच कराई गई।

राजधानी से सर्व धर्म, सर्व समाज के लोग मानवता, भाईचारा, एकता का शांति संदेश देने के लिए बाइक रैली के रूप में बस्तर के लिए रवाना होंगे। रविवार को सुबह श्री राम मंदिर के पुजारी, मस्जिद के मौलाना, गुरुद्वारा समिति के अध्यक्ष और चर्च के पादरी एवं डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़ के बिशप मैडम की उपस्थिति में रवाना किया जाएगा। साथ ही मौजूद लोग सेंट पॉल चर्च, एलआईसी कार्यालय के सामने से हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली को रवाना करेंगे। यह रैली कांकेर होते हुए जगदलपुर पहुंचेगी, जहां रात में विश्राम के बाद 21 को सुकमा में बाइकर्स रात बिताएंगे।



### आज कराई गई स्वास्थ्य जांच

राइड फ़ॉर पीस में बुलेट लेकर युवतियां व महिलाएं भी शामिल होंगी। रैली के संयोजक नितिन लौरेन्स, सह संयोजक जयदीप रॉबिंसन, डीकन मनशीश केजू ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। शांति रैली के सभी राइडर्स देशप्रेम के जज्बे से ओतप्रोत होकर शांति एकता भाईचारे का पैगाम लेकर राज्य के सुदूर मनोहर अंचल में प्रवेश करेंगे। इससे पहले शनिवार को बाइक रैली में शामिल होने वाले राइडर्स की स्वास्थ्य जांच कराई गई।

# बादलों की ओट में रहेगा करवा चौथ का चांद, रात्रि आठ बजे दिखने के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रविवार को करवा चौथ का चांद हल्के बादलों की ओट में रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार रात्रि लगभग आठ बजे चंद्रोदय होगा। अरब सागर से आने वाली नमी की वजह से अभी प्रदेश उमस भरी गर्मी की चपेट में है। रात की बेचैनी ने दिन के धूप वाली गर्मी को पीछे छोड़ दिया है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में रायपुर रात का न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा होकर 26 डिग्री के करीब पहुंच गया। दिन में बादलों की वजह से पारा 34 डिग्री से नीचे रहा। प्रदेश में रात के तापमान में गिरावट दिवाली के आसपास ही होने की संभावना है, क्योंकि 25 अक्टूबर से बंगाल की खाड़ी में सिस्टम बनने वाला है, जिसके प्रभाव से अधिक मात्रा में बादल आने के आसार हैं। अभी अरब सागर से आने वाली नमी के प्रभाव से बादल आ रहे हैं। रविवार को भी बादल छाए रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार चंद्रोदय का वक्त रात्रि 7.57 बजे निर्धारित है। अभी अरब सागर की नमी के प्रभाव से प्रदेश का मौसम बदला हुआ है और लोगों को भारी उमस झेलनी पड़ रही है।

इस मौसम में कूलर, पंखे बेअसर हो गए हैं और लोगों की रात बेचैनी के साथ कट रही है। अभी पेंड्रा जैसे इलाके में रात का तापमान 19 डिग्री के करीब है, जो सामान्य से अधिक है।

- रात की गर्मी ने दिन को पीछे छोड़ा, पांच डिग्री ज्यादा











करवा चौथ हिंदू धर्म का एक प्रमुख व्रत है, जो मुख्य रूप से उत्तर भारत में विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सुखद दांपत्य जीवन की कामना के लिए रखती हैं। इस व्रत में महिलाएं सूर्योदय से लेकर चंद्रमा के दर्शन तक अन्न और जल का त्याग करती हैं। रात में चंद्रमा को अर्घ्य देकर, पति के हाथ से पानी पीकर व्रत का पालन किया जाता है। करवा चौथ का व्रत कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है, और इसे पति-पत्नी के प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक माना जाता है।








त्यौहार की शुभ खरीदी हेतु आप सादर आमंत्रित है...

सिर्फ 13%* मेकिंग चार्ज सभी प्रकार के गहनों पर


J&B
ज्वेलर्स
अनोपचंद भंसाली
SINCE 1945
Sadar Bazaar, Ph.: 0771-2555535

SAMRIDDHI
JEWELLERS
Add Sparkle to your life
समृद्धि ज्वेलर्स
Sadar Bazar, Ph.: 0771-2555400

ATUL PUBLICITY

संबंधित प्रतिष्ठान

मनोहरमल एंड कं. • अनूप डायमंड्स • मनोहरमल ज्वेलर्स • अभय फ्यूल्स • भंसाली फ्यूल्स • 'द रेमण्ड शॉप' भंसाली ब्रदर्स • श्री गुरूदेव ग्लास • श्री भंसाली ज्वेलर्स


LAXMI COLLECTIONS
Laxmi Collections
The World Of Family Fashion Wear
KIDS WEAR SPECIAL OFFER
FLAT 30% OFF
MENS WEAR, KIDS WEAR, KURTIS,
SAREES WESTERN JEANS/TOP, ETHNIC WEAR
nostrum jeans
spykar
JOHN PLAYERS
Lakhenagar Chowk, Raipur (C.G.), 84629 46660, 98271 63007
laxmicollectionsraipur